हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी





अलग खबर

# 40 डिग्री में नंगे पांव, आसमां से बरसती आग में भी नहीं ठिठके स्कूल की ओर बढ़ते कदम

स्कूल और आंगनबाड़ी के छोटे बच्चों का उठानी पड़ रही परेशानी

सुबह 9 बजे के बाद गर्म हवा और तेज धूप से घर से बाहर निकलना मुश्किल होता जा रहा

हसन खान ▶▶| मैनपुर

अप्रैल प्रारंभ होते ही सूर्य अपना रौद्र रूप दिखाने लगा है। सुबह 9 बजे के बाद गर्म हवा और तेज धूप से घर से बाहर निकलना मुश्किल होता जा रहा है। ऐसे विकट परिस्थियों में भी मैनपुर वनांचल क्षेत्र में सैकड़ो नौनिहालों का यह हौसला ही है कि वह नंगे पांव स्कूल-आंगनबाड़ियों की ओर कूच कर रहे हैं। उनके नंगे पांव ठिठक नहीं रहे। इन दिनों प्राथमिक ▶▶| शेष पेज 3 पर



**क्या कहते हैं अधिकारी**

*अभी आंगनबाड़ी का संचालन पुरानी समय सारणी केअनुसार सुबह 9.30 से 3 बजे तक किया जा रहा है। गर्मी बढ़ रही है, समय में परिवर्तन के लिए पत्र लिखा गया है। पूरे जिले मे 60 प्रतिशत आंगनबाड़ी केन्द्रों मे बिजली और पंखे की सुविधाएं हैं लेकिन वह पर्याप्त नही है बांकि जानकारी आंकड़ा देखकर बता पाउंगा।*

*अशोक कुमार पांडेय*
*जिला कार्यक्रम अधिकारी, गरियाबंद*

## तपती दोपहरी में नंगे पैर स्कूल जाना मजबूरी

जगदलपुर



बस्तर अंचल के ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी स्कूल के गरीब बच्चे नंगे पैर स्कूल आते-जाते हैं। परेशानी गर्मी के समय ज्यादा होती है, जब पक्की डामर सड़क से बच्चों को गुजरना पड़ता है। मंगलवार को लोहण्डीगुड़ा ब्लाक के चित्रकोट के सरकारी स्कूल से निकल रहे बच्चे नंगे पैर थे। सरकार मध्यान्ह भोजन और कापी, किताब, ड्रेस तो उपलब्ध करा रही है, लेकिन पैर में पहनने के लिए चप्पल नहीं दे रही है। बच्चों ने सकुचाते हुए हरिभूमि से कहा कि चप्पल खरीदने के लिए पैसा नहीं है।

### बच्चे 10 सेकंड भी खड़े नहीं हो पाते

रसेला (गरियाबंद)। प्राइमरी व मिडिल स्कूल के बच्चे सुबह स्कूल जाते हैं, लेकिन छुट्टी होने के बाद 11:30 बजे नंगे पैर घर आते हैं। इस दौरान सड़क पर बच्चे 10 सेकंड भी खड़े नहीं हो पाते। ज्ञात हो सभी स्कूलों में 1 अप्रैल से 7:30 से 11:30 बजे तक स्कूल लग रहा है। ▶▶| शेष पेज 3 पर




FOR DISTRIBUTOR / DEALER
ENQ 851 787 0000


**INDIAN PREMIER LEAGUE 2024 — स्कोर बोर्ड**

लखनऊ 181/ 5 VS आरसीबी 153/10

आरसीबी को 28 रन से हराया

3 विकेट मयंक यादव
प्लेयर ऑफ द मैच

आज का मैच
केकेआर VS दिल्ली
समय : शाम 7.30 बजे

## खबर संक्षेप

### आईपीएल के दो मैच का कार्यक्रम बदला

**नई दिल्ली।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग के घरेलू मैच को मंगलवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम से एक दिन 16 अप्रैल को कराने का फैसला किया गया। गुजरात टाइटंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच अहमदाबाद में होने वाला मैच अब 17 अप्रैल 2024 को होगा। पता चला है कि कोलकाता पुलिस ने आईपीएल के 17वें सत्र के केकेआर के तीसरे घरेलू मैच के लिए पर्याप्त सुरक्षा मुहैया कराने में असमर्थता जताई।

### कार से जब्त किए गए 11.58 लाख



**नोएडा।** लोकसभा चुनाव को लेकर लागू आदर्श आचार संहिता के बीच, नोएडा पुलिस ने ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे (ईपीई) पर जांच के दौरान दिल्ली-पंजीकृत एक कार से 11.58 लाख रुपए की नकदी जब्त की है। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि स्थानीय कासना पुलिस की टीम चुनाव के मद्देनजर सोमवार शाम ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे के सिरसा टोल पर जांच कर रही थी ।

### वीवीपैट पर्चियों की पूरी गिनती की मांग



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव में सभी 'वीवीपैट' पर्चियों की गिनती का अनुरोध करने वाली याचिका पर निर्वाचन आयोग और केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा। इस समय वीवीपीएटी पर्चियों के माध्यम से किसी भी पांच चयनित ईवीएम का सत्यापन किया जाता है। वोट सत्यापन प्रणाली है। जो मतदाता को यह देखने की अनुमति देती है कि उसका वोट उसी उम्मीदवार को गया है या नहीं, जिसे उसने वोट दिया है।

### 7 घंटे तक चली ताबड़तोड़ कार्रवाई, अब तक शवों की शिनाख्त नहीं

# गंगालूर के लेण्ड्रा जंगल में मुठभेड़ मारे गए 1 महिला समेत 10 नक्सली

*छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में 10 नक्सलियों को मार गिराया है। गंगालूर थाना क्षेत्र में नक्सली गतिविधि की सूचना मिलने के बाद सोमवार को सुरक्षाबलों को नक्सल विरोधी अभियान में रवाना किया गया था। दल में डीआरजी, एसटीएफ और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कोबरा बटालियन के जवान शामिल थे। इस दौरान बड़ी मात्रा में हथियार और नक्सल साहित्य बरामद किया गया है।*





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/बीजापुर

बीजापुर के गंगालूर थाना क्षेत्र स्थित लेण्ड्रा के जंगल में सुबह 6 बजे से मुठभेड़ शुरू हुई। इसके बाद सुरक्षा बलों ने एक महिला समेत 10 नक्सलियों के शव और भारी मात्रा में अत्याधुनिक हथियार व नक्सल सामग्री बरामद किए हैं। यह मुठभेड़ 7 घंटे से अधिक समय तक चली। मारे गए अधिकांश नक्सली पीएलजीए कंपनी नम्बर दो के मेंबर बताए जा रहे है, हालांकि देर शाम ▶▶| शेष पेज 3 पर

- ऑटोमेटिक एलएमजी, थी नॉट थी रायफल, बीजीएल सेल लांचर व अन्य हथियार बरामद

### आपॅरेशन में शामिल सभी जवान सुरक्षित

बताया जा रहा है कि लेण्ड्रा मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों में पीएलजीए कंपनी नम्बर दो के शीर्ष लाखों के इनामी नक्सली सदस्य भी शामिल है। अब तक 10 नक्सलियों के शव बरामद कर लिया गया है और इनकी संख्या में इजाफा होने की संभावना है। मुठभेड़ में मारे गए सभी नक्सलियों के शव बरामद कर लिए हैं और उन्हें बीजापुर मुख्यालय लाने की तैयारी की जा रही है।

### एक दिन पूर्व सुकमा जिले में मारे गए माओवादी की हुई शिनाख्त

इससे पूर्व सोमवार को सुकमा व तेलंगाना राज्य के सीमावर्ती क्षेत्र में डीआरजी, बस्तर फाइटर्स व 208 कोबरा की संयुक्त पार्टी ने तेलंगाना राज्य के सीमावर्ती ग्राम पेसेलपाड़ एवं दोरामंगू के मध्य जंगल पहाड़ी में माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। इसमें एक पुरुष माओवादी के शव के अलावा बीजीएल रायफल पिट्ठ, स्केनर सेट, बीजीएल सेल, बीजीएल कॉर्ट्रिज, इलेक्ट्रिक डेटोनेटर व अन्य नक्सली सामग्री बरामद किया गया था। मुठभेड़ में मारे गए माओवादी की ▶▶| शेष पेज 3 पर

### 2024 में अब तक 43 नक्सली मारे गए, 181 गिरफ्तार


आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई में इस वर्ष अब तक 43 नक्सली को मुठभेड़ में ढेर किया जा चुका है। वहीं 181 नक्सलियों की गिरफ्तारी हुई है। प्रतिबंधित एवं गैर कानूनी सीपीआई माओवादी संगठन के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने के उद्देश्य से स्थानीय पुलिस बल तथा केन्द्रीय अर्द्धसैनिक बल द्वारा विगत दिनों में बेहतर तालमेल एवं रणनीति के साथ काम किया जा रहा है। शासन की योजनाओं व अलग अलग जिलों में अलग अलग नाम से चलाए ▶▶| शेष पेज 3 पर

### 22 जवानों की हुई थी शहादत

गौरतलब है कि इससे पूर्व 3 अप्रैल 2021 को बीजापुर और सुकमा की सीमा पर नक्सलियों के खिलाफ बड़ा ऑपरेशन लॉन्च किया गया था। कोबरा 210 बटालियन व जिला बल के जवान इस ऑपरेशन से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान टेकलगुड़ा गांव में नक्सलियों ने जवानों को एम्बुश में फंसाकर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। नक्सलियों के इस हमले में कोबरा 210 बटालियन व जिला पुलिस के 22 जवान शहीद हो गए थे। वर्ष 2021 से पहले कोबरा बटालियन को इतना बड़ा नुकसान पहले कभी बस्तर में नहीं हुआ था। जवानों की शहादत के बाद नक्सलियों का मनोबल आसमान में पहुंच गया था, क्योंकि नक्सलियों के खिलाफ कोबरा बटालियन को सबसे मजबूत फोर्स मानी जाती रही है।

इधर, मप्र में भी बड़ी सफलता

## एक महिला नक्सली सहित 43 लाख के इनामी दो नक्सलियों को किया ढेर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालाघाट

मप्र पुलिस ने नक्सल विरोधी अभियान में अंतर्गत मंगलवार को बड़ी सफलता हासिल की है। नक्सल विरोधी अभियान के तहत बालाघाट के जंगल में सर्च अभियान के दौरान एक महिला नक्सली सहित 43 लाख रुपए के दो नक्सलियों को मुठभेड़ में ढेर कर दिया। मारे गए नक्सलियों से एक एके-47 एवं एक 12 बोर राइफल बरामद की गई। वहीं बालाघाट में नक्सल गतिविधियों की शुरुआत से आज तक के इतिहास में पहली बार नक्सलियों से बीजीएल शेल बरामद किए गए। इनसे दो बीजीएल शेल, वायरलेस सेट, दो रेडियो भी बरामद किए गए। नक्सलियों से यह मुठभेड़ लांजी थाना क्षेत्र के पितकोना-केरझरी के जंगल में हुई। एनकाउंटर में मारी ▶▶| शेष पेज 3 पर

**जवानों की मुस्तैदी से पुलिस की अपनी अलग साख बनीः सीएम**



बालाघाट एनकाउंटर में 2 इनामी नक्सलियों को मार गिराने पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पुलिस जवानों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि 29 लाख रुपए के इनामी डिवीजनल कमांडर को मारा जाना अपने आप में बड़ी उपलब्धि है।

# चुनावी संग्राम में गरजे नेता

**कांकेर में सीएम साय की चुनावी सभा, राजनांदगांव में भूपेश की नामांकन रैली**

*लोकसभा चुनाव को लेकर छत्तीसगढ़ में सियासी गर्मी तेज हो गई है। कांकेर में आयोजित सभा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने । इधर, राजनांदगांव प्रत्याशी पूर्व सीएम भूपेश बघेल की नामांकन रैली में शामिल होने पहुंचे नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने दल बदलने वाले नवीन जिंदल को आड़े हाथों लिया।*

## महंत बिफरे, कहा : बुरे समय में जो पार्टी छोड़ रहे उनकी न हो कभी वापसी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और राजनांदगांव लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल की नामांकन रैली में यहां शामिल होने पहुंचे नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल होने वाले नेताओं पर जमकर भड़ास निकाली। उन्होंने अपने संबोधन के दौरान कहा कि जो लोग पार्टी के बुरे समय में साथ छोड़कर दूसरे दलों में जा रहे हैं, उन्हें अच्छा समय आने पर पार्टी में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। श्री महंत ने उद्योगपति एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता रहे नवीन जिंदल को आड़े हाथों लेते कहा कि ऐसे लोगों को जूता मारना चाहिए।जनसभा को संबोधित करते नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत ने यह भी कहा कि भाजपा के लोग ▶▶| शेष पेज 3 पर

*जिंदल को भी लिया आड़े हाथों, कहा : ऐसे लोगों को जूता मारना चाहिए*

हरिभूमि खास

### ऐसी भाषा का उपयोग गलत

श्री महंत जिस पद पर हैं, उन्हें ऐसी भाषा का उपयोग करना शोभा नहीं देता। राजनीति में मर्यादा और सूचिता का ध्यान रखना चाहिए। रही बात कांग्रेस नेताओं के भाजपा प्रवेश की तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत संकल्प से प्रभावित होकर पूरा देश उनके साथ जुड़ रहा है।

-मधुसूदन यादव, पूर्व सांसद

## कांग्रेसियों ने 5 साल तक प्रदेश की जनता के साथ किया धोखा



*मुख्यमंत्री विष्णुदेव ने भरी हुंकार*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कांकेर में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि यह चुनाव पीएम नरेंद्र मोदी का चुनाव है। नरेंद्र मोदी 10 साल तक प्रधानमंत्री के रूप में सबका साथ सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास। इसको मूल मंत्र मानते हुए देश के गांव, गरीब, किसान, मजदूर सबका विकास किया है। सभी चाहते हैं कि मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बने। आप लोगों को कांकेर से भोजराज नाग को जिताकर भेजना होगा। भोजराज नाग सरपंच ▶▶| शेष पेज 3 पर

### कांग्रेस के बड़े बड़े नेता और अधिकारी जेल में

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि शराब, रेत में भ्रष्टाचार, कांग्रेस के बड़े बड़े नेता और जो अधिकारी सहयोग किए, वो आज जेल में है। एक साल बाद भी उनकी बेल नहीं हो रही है। सब जेल में है और दुर्भाग्य की बात यह है कि 5 साल तक मुख्यमंत्री रहे भूपेश बघेल उनके ऊपर भी एफआईआर हुई है। महादेव सट्टा एप जुए की लत में प्रदेश के युवाओं को लगा दिया और ▶▶| शेष पेज 3 पर

## चुनावी बॉन्ड से जुड़े एसओपी के खुलासे से एसबीआई का इंकार

**नई दिल्ली।** एसबीआई ने उसकी शाखाओं से जारी किए गए चुनावी बॉन्ड की बिक्री और उन्हें भुनाने के लिए अपनी मानक संचालन प्रक्रिया का खुलासा करने से इंकार कर दिया है। एसबीआई ने एक आरटीआई के जवाब में व्यावसायिक गोपनीयता के तहत दी गई छूट का हवाला देते हुए यह जानकारी देने से मना किया। सूचना के अधिकार कानून के तहत दायर एक आवेदन में अंजलि भारद्वाज ने चुनावी बॉन्ड की बिक्री और उन्हें भुनाने के लिए एसओपी का विवरण मांगा था।

### एसबीआई का ऐसा जवाब

एसबीआई की तरफ से दिए गए जवाब में कहा गया है, अधिकृत शाखाओं को इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम 2018 की बिक्री और रिडेंप्शन के लिए समय समय पर जारी किए गए स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर इंटरनल गाइडलाइंस हैं, जो सिर्फ आंतरिक सर्कुलेशन के लिए हैं।

वाहनों की जांच के दौरान जब्ती

## फ्लाइंग स्क्वाड ने गाड़ी से जब्त किए 50 लाख कैश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

लोकसभा निर्वाचन-2024 हेतु प्रभावशील आदर्श आचार संहिता में रायगढ़ की फ्लाइंग स्क्वाड टीम ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए वाहन चेकिंग के दौरान मेडिकल कालेज रोड से एक इनोवा क्रिस्टा से 50 लाख रुपए नकद अवैध परिवहन करते हुए जब्त किया गया। वाहन में सवार लोगों से उक्त राशि के बारे में जानकारी मांगे जाने पर कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दिया गया। मामला इनकम टैक्स डिपार्टमेंट को सौंप दिया गया है।

इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार 2 अप्रैल को लोकसभा निर्वाचन के उडऩदस्ता टीम दल क्रमांक 05 द्वारा चेकिंग के दौरान मेडिकल ▶▶| शेष पेज 3 पर




### आयकर विभाग को सौंपा प्रकरण

बताया जा रहा है कि रकम के बारे में पूछताछ करने पर कोई संतोषप्रद जवाब नही मिला। कार्रवाई में उडऩदस्ता दल के प्रभारी अधिकारी सहकारी निरीक्षक अविनाश कश्यप, सह प्रभारी अरूण कुमार साव, गौतम ठाकुर शामिल थे। प्रकरण आयकर विभाग को सौंपा गया है।


विस्तारा को नागर विमानन महानिदेशालय ने दिए निर्देश

# उड़ान रद्द हो या देरी, हर दिन देनी होगी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने विस्तारा को उड़ान रद्द होने के साथ-साथ देरी पर दैनिक रूप से जानकारी देने को कहा है। साथ ही नियामक ने यात्रियों की सुविधा के लिए स्थिति पर करीबी नजर रखने की बात भी कही। डीजीसीए ने कहा कि यात्रियों को कम से कम असुविधा हो, यह सुनिश्चित करने के लिए वह विस्तारा के उड़ान रद्द करने के मामलों पर करीबी नजर रख रहा है। एक सूत्र के अनुसार, एयरलाइन ने मंगलवार को 50 से अधिक उड़ानें रद्द की हैं।

सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि कुछ कमांडर के साथ-साथ इसके ए320 बेड़े के प्रथम अधिकारी भी नए अनुबंधों में वेतन संशोधन की मांग को लेकर विरोध जताते ▶▶| शेष पेज 3 पर




### विस्तारा और एयर इंडिया का विलय

विस्तारा की एयर इंडिया के साथ विलय की प्रक्रिया जारी है। विस्तारा और एयर इंडिया के पायलट के बीच समानता लाने वाले नए अनुबंध मौजूदा विलय प्रक्रिया के हिस्से के रूप में पेश किए गए हैं। विस्तारा, टाटा समूह और सिंगापुर एयरलाइंस का संयुक्त उद्यम है। विस्तारा के ए320 बेड़े के कई प्रथम अधिकारी पिछले कुछ सप्ताह में बीमार होने की सूचना दे रहे हैं। केवल सोमवार को करीब 50 उड़ानें रद्द कर दी गईं

### 15 पायलट दे चुके हैं इस्तीफा

वेतन पैकेज में संशोधन का विरोध कर रहे विस्तारा एयरलाइन के 15 पायलटों ने पिछले कुछ दिन में एयरलाइन से इस्तीफा दे दिया है। सूत्रों के मुताबिक, विस्तारा के कम-से-कम 15 पायलटों ने इस्तीफा दे दिया है और एक घरेलू किफायती एयरलाइन से जुड़ गए हैं। यह एयरलाइन प्रतिदिन 300 से कुछ अधिक उड़ानों का परिचालन करती है और इसके पास 70 विमानों का बेड़ा है। टाटा समूह की एयरलाइन विस्तारा पिछले कुछ सप्ताह से पायलटों के बीच बढ़ते असंतोष से जूझ रही है। इस दौरान एयरलाइन के ए320 विमानों के कई पायलट खुद को अस्वस्थ बताते हुए अनुपस्थित हो गए।



# हरिभूमि रण भूमि
लोकसभा
## सत्ता संग्राम-2024



प्रदेश की सबसे हाईप्रोफाइल लोकसभा सीट राजनांदगांव का इतिहास भी गजब का रहा है। 1962 में पहली दफा इस सीट के लिए हुए लोकसभा चुनाव से लेकर अब तक यहां कई सांसद रहे, लेकिन बावजूद इसके इस लोकसभा क्षेत्र में आने वाली चार विधानसभाओं का प्रतिनिधित्व करने वाला कोई नेता सांसद नहीं बन पाया है। जबकि इस सीट से मुंबई और दुर्ग में रहने वाले नेताओं ने भी जीत हासिल की है। इस बार भी उन चारों विधानसभाओं से कांग्रेस और भाजपा ने उम्मीदवार नहीं बनाया है।

प्रदेश की हाई प्रोफाइल लोकसभा सीट राजनांदगांव का इतिहास रहा है गजब

# मुंबई और दुर्ग से आकर भी जीते नेता, लेकिन अब तक चार विस का कोई नहीं पहुंचा संसद

## राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आती हैं कुल आठ विधानसभाएं निर्दलीय रूप से भी कई नेताओं ने किस्मत आजमाया पर वे जीत नहीं सके

सत्यम शर्मा ▶▶| राजनांदगांव

राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत कुल आठ विधानसभाएं आती है। इनमें पंडरिया, कवर्धा, खैरागढ़, राजनांदगांव, डोंगरगढ़, डोंगरगांव, खुज्जी और मोहला-मानपुर की सीटें शामिल है। इनमें से राजनांदगांव, कवर्धा, खैरागढ़ और डोंगरगांव से तो अब तक सांसद चुने गए हैं, लेकिन शेष चार सीट पंडरिया, डोंगरगढ़, खुज्जी और मोहला-मानपुर विधानसभा से कोई नेता दिल्ली की राजनीति तक यहां से जीतकर नहीं पहुंच पाया है। ऐसा भी नहीं है कि कभी यहां के नेताओं ने चुनावी मैदान में नहीं उतरे हो, पिछले ही चुनाव में खुज्जी के मौजूदा विधायक भोलाराम साहू को मैदान में उतारा था, परन्तु वे चुनाव हार गए थे। निर्दलीय रूप से भी कई नेताओं ने किस्मत आजमाया पर वे जीत नहीं सके।







### कभी निर्दलीय को नहीं मिली सफलता

देश में कई दफा देखने को मिला है कि राष्ट्रीय और क्षेत्रीय पार्टियों के उम्मीदवारों से नाखुश होकर जनता निर्दलीय उम्मीदवारों को जीता देती है, लेकिन राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र से अब तक कोई भी निर्दलीय प्रत्याशी जीत हासिल नहीं कर पाया है, बल्कि इस सीट से हुए अब तक के सभी चुनाव में एक चुनाव को छोड़ दिया जाए तो बाकी में किसी निर्दलीय की जमानत तक नहीं बची है। सिर्फ एक बार 1984 के चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी रहे किशोरी लाल शुक्ला ने 19 फीसदी वोट हासिल कर अपनी जमानत बचाई थी।

### इन विस से रहे अब तक सांसद

राजनांदगांव लोकसभा के पहले चुनाव में 1962 में बिरेंद्र बहादुर सिंह जीते थे, जो खैरागढ़ निवासी थे। इसके बाद 1967 में खैरागढ़ निवासी पद्मावती देवी, 1971 में मुंबई निवासी रामसहाय पांडे, 1977 में राजनांदगांव निवासी मदन तिवारी, 1980 व 1984 में खैरागढ़ निवासी शिवेंद्र बहादुर सिंह, 1989 में दुर्ग निवासी धर्मपाल गुप्ता, 1991 में खैरागढ़ निवासी शिवेंद्र बहादुर सिंह, 1996 में राजनांदगांव निवासी अशोक शर्मा, 1998 में दुर्ग निवासी मोतीलाल वोरा, 1999 में कवर्धा निवासी डॉ. रमन सिंह, 2004 में डोंगरगांव निवासी प्रदीप गांधी, 2009 में राजनांदगांव निवासी मधुसूदन यादव, 2014 में कवर्धा निवासी अभिषेक सिंह और 2019 में कवर्धा निवासी संतोष पांडे सांसद बने। इस बार भी कांग्रेस ने दुर्ग के पाटन निवासी पूर्व सीएम भूपेश बघेल और भाजपा ने कवर्धा निवासी संतोष पांडे को मैदान में उतारा है।

## आमने/सामने

### सभी के मन में संदेह, वीवीपैट की गिनती हो- भूपेश



*पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एक बार फिर ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हुए कहा, वीवीपैट की गिनती हो। अभी सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को नोटिस दिया है। वह बुहत महत्वपूर्ण है। यदि इसमें कुछ फैसला आता है, तो बड़ी बात होगी। वीवीपैट मतदाता के हाथ में आए और वे खुद डिब्बे में डालें और उसकी गिनती हो, ये सभी चाहते हैं। राहुल गांधी ने भी रामलीला मैदान पर मैच फिक्सिंग की बात कही। संदेह सभी के मन में है।*

### ईवीएम को पूरी दुनिया मान रही विजय शर्मा



उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पूर्व सीएम भूपेश बघेल के बैलेट पेपर से चुनाव वाले बयान पर पलटवार करते हुए कहा, वह जनता के विरोध पर अपनी बात वापस ले रहे हैं। उन्होंने एक बार नहीं, अनेक बार इस बात को कहा है। ईवीएम मशीन को दुनिया मान रही है। इलेक्शन कमीशन ने तो यह तक कहा है कि ईवीएम हैक करके दिखाएं। विरोध करने के उद्देश्य से अगर वह ऐसा कह रहे हैं, तो गलत है। तोड़-मरोड़ कर बातों को पेश करने की बात पर उन्हें माफी मांगनी चाहिए।

## मेरठ में 'राम'



यूपी के मेरठ लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनाए गए अरुण गोविल (रामायण सीरियल के भगवान राम) ने मंगलवार को मेरठ में रोड शो किया। इस दौरान, उनके साथ यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य भी थे।

### कांग्रेस की नई लिस्ट तारिक, शर्मिला का नाम शामिल

नईदिल्ली। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए 17 उम्मीदवारों की एक और लिस्ट जारी कर दी है। जिसमें आंध्र प्रदेश के कडप्पा से वाईएस शर्मिला रेड्डी, बिहार के कटिहार से तारिक अनवर, भागलपुर से अजित शर्मा को मैदान में उतारा है। बिहार में महागठबंधन के साथ सीट-बंटवारे के समझौते के तहत कांग्रेस को जो नौ सीटें मिली हैं उनमें किशनगंज, कटिहार और भागलपुर के अलावा किशनगंज लोकसभा सीट से कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद को मैदान में उतारा गया है। कांग्रेस ने आंध्र प्रदेश के काकीनाडा से पूर्व शिक्षा मंत्री एम. एम. पल्लम राजू को मैदान में उतारने का फैसला किया है।

### अनंतनाग-राजौरी से लड़ेंगे चुनाव गुलाम नबी आजाद

लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। इसी बीच डीपीएपी के अध्यक्ष गुलाम नबी आजाद ने भी अपनी उम्मीदवारी वाली लोकसभा सीट का ऐलान कर दिया है। गुलाब नबी आजाद अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट से चुनावी मैदान में उतरेंगे। इस क्षेत्र से नेशनल कॉन्फ्रेंस की तरफ से मियां अल्ताफ मैदान में हैं। बता दें कि अब तक केवल दो दलों ने 7 चरण के लोकसभा चुनावों के लिए अनंतनाग-राजौरी सीट से अपने उम्मीदवारों की घोषणा की है। नेशनल कॉन्फ्रेंस की तरफ से पूर्व मंत्री और कंगन से पूर्व विधायक मियां अल्ताफ इस निर्वाचन क्षेत्र से पार्टी के उम्मीदवार होंगे।

## रवि किशन की चुनावी चाय



गोरखपुर। चुनावी सरगर्मियों के बीच गोरखपुर लोकसभा सीट से बीजेपी उम्मीदवार रवि किशन का अलग अंदाज देखने को मिला। चुनाव प्रचार के दौरान रवि चौराहे पर स्थित एक चाय की दुकान पर पहुंच गए, जहां वह अदरक कूटते और चाय बनाते नजर आए।

**इस बार बृजमोहन अग्रवाल के सामने विकास उपाध्याय**

# 1996 से रायपुर लोकसभा पर भाजपा का कब्जा, कांग्रेस के कई दिग्गज हार चुके हैं चुनाव

राजकुमार ग्वलानी ▶▶| रायपुर



रायपुर लोकसभा भारतीय जनता पार्टी का अवेध गढ़ है। 1996 से इस सीट पर हमेशा भाजपा को जीत मिली है। भाजपा ने जहां अब तक सात बार विधानसभा का चुनाव जीतने वाले बृजमोहन अग्रवाल को मैदान पर उतारा है, वहीं कांग्रेस ने रायपुर पश्चिम से विधानसभा का चुनाव हारने वाले विकास उपाध्याय पर दांव खेला है। एक तरफ जहां भाजपा रिकॉर्ड मतों से जीत का दावा कर रही है, वहीं कांग्रेस भी जीत का भरोसा जता रही है। रायपुर लोकसभा की सीट कांग्रेस के लिए 1996 के बाद सपना ही बनकर रह गई है। वैसे 1952 से 1971 तक इस सीट पर कांग्रेस का कब्जा रहा है, लेकिन 1996 के बाद कांग्रेस इस सीट पर वापसी नहीं कर सकी। रायपुर की सीट से कांग्रेस के कई दिग्गज नेता हार चुके हैं। वैसे पहले जीते भी हैं। लोकसभा चुनाव में रायपुर की सीट का अपना बड़ा महत्व है। छत्तीसगढ़ के अलग राज्य बनने के बाद इस राजधानी की सीट का महत्व और बढ़ गया है। यह सीट हमेशा से चर्चा में रही है। इस पर कांग्रेस के कई दिग्गज नेता अपनी किस्मत आजमा चुके हैं। रायपुर लोकसभा में पहली बार 1952 में चुनाव हुआ था। तब इस सीट पर पहली बार कांग्रेस के भूपेंद्र नाथ मिश्रा जीते थे। इसके बाद से 1971 तक इस सीट पर पांच बार कांग्रेस का कब्जा रहा। पहली बार इस सीट 1977 में जनता पार्टी के पुरुषोत्तम कौशिक ने इस सीट से विद्याचरण शुक्ल को मात देकर कांग्रेस से यह जीत छीनी थी। 1980 के मध्यावधि चुनाव में कांग्रेस के केयर भूषण ने यह सीट जीतकर फिर से कांग्रेस के पाले में डाल दी। 1984 के चुनाव में एक बार फिर से केयर भूषण की जीत हुई। यह रमेश बैस का पहला लोकसभा चुनाव था, इसमें उनको मात मिली।

### नहीं टिक पाए कांग्रेस के दिग्गज

रायपुर की लोकसभा सीट ऐसी रही है जिस पर कांग्रेस के दिग्गज नेता विद्याचरण शुक्ल, पंडित श्यामा चरण शुक्ल से लेकर भूपेश बघेल तक नहीं टिक सके हैं। रमेश बैस से अपने दौर में कांग्रेस से सभी दिग्गज नेताओं को मात दी। रमेश बैस ने धनेंद्र साहू, जुगल किशोर साहू, सत्यनारायण शर्मा को भी हराया। छत्तीसगढ़ राज्य अलग बनने के बाद 2004 में हुए चुनाव में रमेश बैस ने पंडित श्यामा चरण शुक्ल को हराया। इसके बाद 2009 के चुनाव में कांग्रेस ने रमेश बैस के सामने भूपेश बेघल को मैदान में उतारा। भूपेश बघेल को भी हार का सामना करना पड़ा। 2014 का चुनाव रमेश बैस का आखिर चुनाव था। इसमें रमेश बैस ने सत्यनारायण शर्मा को मात दी।

### 1989 में पहली बार जीते रमेश बैस

*रायपुर लोकसभा से रमेश बैस ने 1989 में पहली जीत केयर भूषण को मात देकर प्राप्त की, लेकिन दो साल बाद हुए मध्यावधि चुनाव में रमेश बैस कांग्रेस के विद्याचरण शुक्ल से हार गए। तब श्री बैस महज 959 मतों से हारे थे। इस हार के बाद रमेश बैस ने 1996 के चुनाव से जीत का जो सिलसिला प्रारंभ किया, वह 2014 तक चला। उन्होंने लगातार छह बार यह सीट जीती।*

### जब कटा बैस का टिकट

*2019 के चुनाव में भाजपा ने एक अलग तरह का फैसला किया और छत्तीसगढ़ के सभी सांसदों का टिकट काट दिया। इसके पीछे का एक बड़ा कारण यह रहा कि 2018 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को कांग्रेस से करारी हार का सामना करना पड़ा। जब सभी सांसदों का टिकट कटा, तो रमेश बैस का भी टिकट कट गया। सबको भरोसा था कि लगातार छह बार जीतने वाले रमेश बैस को जरूर मैदान पर उतारा जाएगा, लेकिन भाजपा ने उनका भी टिकट काट दिया और सुनील सोनी को मैदान पर उतारा। कांग्रेस ने एक बार फिर से अपनी परंपरा के मुताबिक नए चेहरे के रूप में प्रमोद दुबे को मैदान पर उतारा। कांग्रेस को भरोसा था कि 1996 के बाद इस बार तो जरूर उनको इस सीट पर जीत मिल जाएगी, लेकिन भाजपा ने नरेंद्र मोदी के चेहरे पर चुनाव लड़ा और भाजपा के सुनील सोनी जीत गए।*

**बिहार, झारखंड से कर्नाटक तक भाजपा को झटके ही झटके**

# सांसद ने थामा कांग्रेस का हाथ तो दिग्गज आरजेडी में शामिल

### मुजफ्फरपुर सांसद अजय निषाद बीजेपी छोड़ कांग्रेस में शामिल



नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव 2024 से ठीक पहले बिहार में बीजेपी को बड़ा झटका लगा है। टिकट कटने से नाराज बिहार के मुजफ्फरपुर से सांसद अजय निषाद ने बीजेपी छोड़ दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर इसकी घोषणा की। इसके कुछ देर बाद ही दिल्ली में उन्होंने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर ली। अब कांग्रेस उन्हें मुजफ्फरपुर से लोकसभा का उम्मीदवार बना सकती है। बता दें कि बीजेपी ने इस चुनाव में अजय निषाद का टिकट काट दिया था। उनकी जगह मुजफ्फरपुर से राम भूषण निषाद को प्रत्याशी बनाया गया है।

### झारखंड में गिरिनाथ सिंह ने छोड़ा बीजेपी का दामन





रांची। झारखंड में भाजपा को इंडिया गठबंधन की तरफ से लगातार झटका मिल रहा है। अब खबर है कि बीजेपी के एक और दिग्गज नेता गिरिनाथ सिंह ने पार्टी छोड़कर राजद का दामन थाम लिया है। मंगलवार को पटना स्थित राजद कार्यलय में बिहार राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगतानंद सिंह और महासचिव भोला प्रसाद यादव की मौजूदगी में उन्होंने पार्टी की सदस्यता ली। गौरतलब है कि कुछ दिनों पहले ही उन्होंने लालू यादव से उनके आवास पर मुलाकात की थी। इसके बाद से ही चर्चा थी कि वह फिर घर वापसी कर सकते हैं।

### शाह के फोन से भी राजी नहीं नाराज ईश्वरप्पा लड़ेंगे चुनाव



बंगलुरू। बीजेपी के वरिष्ठ नेता केएस ईश्वरप्पा ने मंगलवार को कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उन्हें फोन किया और इस लोकसभा क्षेत्र से उम्मीदवारी वापस लेने के लिए कहा, लेकिन वह चुनाव लड़ने के अपने फैसले पर अडिग हैं। निकटवर्ती हावेरी जिले से अपने बेटे केई कांतेश को टिकट नहीं दिए जाने से नाराज पूर्व उप मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि वह शिवमोगा से चुनाव लड़ेंगे जहां से भारतीय जनता पार्टी ने पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा के बेटे बीवाई राघवेंद्र को दोबारा टिकट दिया है।

**उत्तराखंड के रुद्रपुर में चुनावी सभा**

# कांग्रेसी अब देश में आग लगाने की बात कर रहे : पीएम मोदी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को राहुल गांधी पर हमला बोला। पीएम मोदी ने मंगलवार को उत्तराखंड के रुद्रपुर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन ने अपने इरादे दिखे दिए हैं। कांग्रेस शाही परिवार के शहजादा ने ऐलान किया है कि अगर देश ने तीसरी बार बीजेपी सरकार को चुनी तो आग लग जाएगी। साठ साल तक देश पर राज करने वाले, 10 साल सत्ता से बाहर क्या रह गए अब देश में आग लगाने की बात कर रहे हैं।



### 'गरीबों का हक नहीं मारने दूंगा'

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस चुनाव में दो खेमों के बीच चुनाव है। एक हम हैं जो कहते हैं कि भ्रष्टाचारी हटाओ और एक वे लोग हैं जो कहते हैं कि भ्रष्टाचारी बचाओ। तीसरे टर्म में अब बस कुछ महीनों का समय बचा रहा है। तीवसरे टर्म में भ्रष्टाचार पर और तेज प्रहार करेंगे। भ्रष्टाचारियों पर और सख्ती से कार्रवाई होगी, क्यों भ्रष्टाचार गरीबों और मध्यम वर्ग के परिवारों का हक मारता है। मैं ऐसा नहीं होने दूंगा। यह मोदी की गारंटी है।

**खट्टा-मीठा रहा है मथुरा लोकसभा सीट का मिजाज**

# अटल की हो गई थी जमानत जब्त... हेमा दो बार से सांसद

## भगवान श्रीकृष्ण की जन्मस्थली का मिजाज भी उन्हीं की तरह रहा है चंचल

एजेंसी ▶▶| लखनऊ



भगवान श्रीकृष्ण की जन्मस्थली मथुरा की लोकसभा सीट का मिजाज भी उन्हीं की तरह चंचल रहा है। कभी यह धारा के साथ चली तो कभी धारा के विपरीत बही। बड़े नामों को संसद भेजा लेकिन कई बार ऐसे लोगों को निराश भी किया। मथुरा सीट दिलदार रही है। बाहरियों को भी मौका दिया अपना प्रतिनिधित्व करने का। चाहे वह मौजूदा सांसद हेमामालिनी हों या उनसे पहले जयंत चौधरी। मनीराम बागड़ी तो इतिहास में दर्ज हैं। आजाद भारत में जब पहली बार लोकसभा चुनाव हुए तो इस सीट ने धारा के विपरीत चलने का अपना परिचय दिया। देश में कांग्रेस ही कांग्रेस थी, लेकिन जब चुनाव हुए तो यहां से कांग्रेस नहीं बल्कि निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर राजा गिरराज शरण सिंह जीते। इसके अगले चुनाव में भी यही हुआ। उसका किस्सा तो और भी दिलचस्प है। पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी ने यहां से पर्चा भरा था। जनसंघ के टिकट पर वह दावेदारी कर रहे थे। लोगों को उम्मीद थी कि कांग्रेस नहीं तो जनसंघ के लिए लोग अपना प्यार दिखाएंगे। लेकिन हुआ उल्टा। एक बार फिर सीट निर्दलीय उम्मीदवार राजा महेंद्र प्रताप के खाते में गई। अटल बिहारी वाजपेयी की जमानत जब्त हो गई। उन्हें कुल जमा दस प्रतिशत वोट मिले थे।

### जाट बहुल लेकिन आरएलडी का किला नहीं

मथुरा को शुरुआती दौर से ही जाट बहुल सीट माना जाता है। अब तक चुने गए 17 सांसदों में से 14 जाट समुदाय से आते हैं। हालांकि एक सच्चाई यह भी है कि जाट बिरादरी का प्रतिनिधित्व करने वाली आरएलडी कभी इसे अपना किला नहीं बना सकी। यहां से 2009 में जयंत चौधरी सांसद चुने गए थे हालांकि, तब आरएलडी भाजपा के साथ गठबंधन में थी। । इस सीट से चौधरी चरण सिंह की बेटी ज्ञानवती भी चुनाव लड़ चुकी हैं, लेकिन जनता ने उन्हें नकार दिया था।

### सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड बाहरी के नाम

1977 में मथुरा लोकसभा सीट पर भारतीय लोकदल उम्मीदवार मनीराम बागड़ी जीते थे। यह जीत इस सीट पर सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड है। बागड़ी हरियाणा के हिसार के रहने वाले थे। तब चुनाव में 3,92,137 वोट पड़े थे, जिनमें से 76.79 % यानी 2,96,518 वोट मनीराम के हिस्से आए थे। यह रिकॉर्ड 42 वर्षों से कायम है।

### तीन बार कांग्रेस तो चार बार लगातार जीती बीजेपी

पहले दो चुनावों में भले ही यहां से निर्दलीय उम्मीदवारों पर जनता ने भरोसा जताया लेकिन उसके बाद 1962, 1967 और 1971 के चुनावों में कांग्रेस को लगातार तीन बार जीत मिली। वहीं, 90 के दशक में बीजेपी लगातार चार बार जीत दर्ज करवाने में सफल रही है। 1991, 1996, 1998 और 1999 के चुनावों में एक बार साक्षी महाराज और तीन बार चौधरी तेजवीर सिंह भाजपा के टिकट पर जीते थे। इसके अलावा अगर इस सीट पर दलबदल की स्थिति देखें तो यहां यह कोई मसला नहीं दिखता है। पार्टी बदल-बदल कर उम्मीदवारों ने दावेदारी की और चुनाव उनकी झोली में आया भी। जनता पार्टी से चुने जाने से पहले चौधरी दिगंबर सिंह दो बार कांग्रेस के टिकट पर सांसद रहे थे। मानवेंद्र सिंह पहले कांग्रेस फिर जनता दल और उसके बाद फिर कांग्रेस के टिकट पर सांसद रहे थे।

**बीजेपी ने उतारा हेमा मालिनी को :** 75 साल की अघोषित कटऑफ को शिथिल करते हुए भाजपा ने एक बार फिर इस सीट से हेमा मालिनी को प्रत्याशी घोषित कर दिया है। कांग्रेस और सपा के गठबंधन में यह सीट कांग्रेस के खाते में गई है। हालांकि अभी इसपर पत्ते खुलना बाकी हैं।

बिलासपुर
बुधवार, 3 अप्रैल 2024
चैत्र कृष्ण पक्ष नवमीं
वर्ष : 24, अंक : 10
पृष्ठ : 10+6 = 16 मूल्य : 4.00***

मौसम
अधि. 40.5
न्यून. 26.4

# हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



7 आईपीएल में 200 मैच खेलने वाले 10वें...

विचार पेज
2 चुनावों में फिजूल खर्ची रुकेगी

haribhoomi.com

# हाईकोर्ट का बड़ा फैसला: बीएड डिग्रीधारी सहायक शिक्षकों की सभी नियुक्तियां निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

प्रदेश में बीएड डिग्री-धारी टीचर भर्ती उम्मीदवारों को हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने सहायक शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में बीएड उम्मीदवारों की सभी नियुक्तियां निरस्त कर दी हैं। साथ ही राज्य सरकार को 6 सप्ताह में पुनरीक्षित (रिवाइज्ड) चयन सूची जारी कर डीएलएड पास उम्मीदवारों को मौका देने का आदेश दिया है। मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा और जस्टिस एनके चंद्रवंशी की डिवीजन बेंच में हुई है। ज्ञात हो कि इस केस में बेंच ▶▶|शेष पेज 3 पर

अलग खबर

## मापदंड का भर्ती प्रक्रिया में पालन नहीं

याचिका में याचिकाकर्ताओं की ओर से यह भी तर्क दिया गया कि भर्ती में सुप्रीम कोर्ट के फैसले का राज्य शासन ने उल्लंघन किया है। राज्य शासन ने अपने ही बनाए मापदंड का भर्ती प्रक्रिया में पालन नहीं किया। प्राइमरी स्कूल में पढ़ाने के लिए डीएलएड पाठ्यक्रम में विशेष प्रशिक्षण दिया जाता है। वहीं हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों को पढ़ाने के लिए बीएड प्रशिक्षार्थियों को विशेष तौर पर ट्रेनिंग दी जाती है। इस आधार पर कक्षा पहली से पाचवीं तक के बच्चों को पढ़ाने वाले सहायक शिक्षक के लिए डीएलएड अभ्यर्थी ही पात्र होंगे। सुप्रीम कोर्ट ने भी शिक्षकों की भर्ती पर यही आदेश जारी किया है।

## छह सप्ताह से पहले नई चयन सूची जारी करने के आदेश



### बीएड प्रशिक्षितों को शामिल करना अवैधानिक

याचिका में कहा गया कि स्कूल शिक्षा विभाग ने नियमों में संशोधन भी किया है। इसके अनुसार, सहायक शिक्षक की भर्ती में स्नातक और बीएड या डीएलएड को अनिवार्य योग्यता के रूप में शामिल किया गया है जबकि बीएड प्रशिक्षितों को भर्ती में शामिल करना अवैधानिक है। याचिका में कहा गया कि बीएड ट्रेनिंग धारकों को प्राइमरी स्कूल के बच्चों को पढ़ाने की कोई ट्रेनिंग नहीं दी गई है। याचिकाकर्ताओं ने सहायक शिक्षक की अनिवार्य योग्यता से बीएड को अवैधानिक घोषित कर इसे हटाने की मांग की थी। साथ ही भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग याचिका में थी।

## जिनकी ज्वाइनिंग, उनकी नियुक्ति भी निरस्त

सुनवाई के बाद चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा और जस्टिस एनके चंद्रवंशी की डिवीजन बेंच ने बीएड अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग और अंतिम चयन सूची पर अंतरिम रोक लगा दी थी। साथ ही राज्य शासन से जवाब मांगा था। अब इस पर फैसला आ गया है। याचिकाकर्ताओं के वकीलों ने बताया कि हाईकोर्ट ने फैसले में बीएड पास उम्मीदवारों की दावेदारी खत्म कर दी है। डिवीजन बेंच ने स्पष्ट किया है कि प्राइमरी स्कूल के शिक्षकों के लिए केवल डीएलएड पास उम्मीदवार ही मान्य होंगे। कोर्ट ने यह भी कहा है कि बीएड पास असिस्टेंट टीचर जिनकी ज्वाइनिंग हो चुकी है, उनकी नियुक्ति राज्य सरकार निरस्त करे। साथ ही 6 सप्ताह के भीतर डीएलएड पास उम्मीदवारों की ही नियुक्ति करे। इसके लिए पुनरीक्षित चयन सूची बनाने के लिए कोर्ट ने कहा है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### एआईएफएफ ने दीपक शर्मा को किया सस्पेंड



**नई दिल्ली।** गोवा में इंडियन वुमेंस लीग 2 के दौरान एक क्लब की दो महिला फुटबॉलर्स के साथ कथित तौर पर मारपीट और दुर्व्यवहार करने के आरोप में दीपक शर्मा को निलंबित कर दिया है। दीपक, महासंघ की कार्यकारी समिति के सदस्य हैं। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने मंगलवार को कार्रवाई की।

### ट्रक पुल से नीचे उतरा 10 पुलिसकर्मी घायल



**छतरपुर।** जिले में पुलिस बल का एक ट्रक हादसे का शिकार हो गया। हादसे में 10 पुलिसकर्मी घायल हो गए, तो वहीं एक पुलिसकर्मी की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस बल का यह ट्रक बागेश्वर धाम ड्यूटी के लिए जा रहा था, तभी ट्रक का पहिया फट गया और ट्रक हादसे का शिकार हो गया।

### ट्रक में आग, झुलसे चालक परिचालक की मौत



**बाराबंकी।** देवा क्षेत्र में एक ट्रक में आगे गन्ना लादकर जा रहे दूसरे ट्रक को पीछे से टक्कर मार देने के बाद आग लग गई। इसमें झुलसकर उसके चालक और परिचालक की मौत हो गई। देवा कोतवाली क्षेत्र के माती चौकी इलाके में स्थित किसान पथ पर जबरीकलां गांव के पास रात करीब 11 बजे गन्ना लादकर एक ट्रक लखनऊ की ओर से आ रहा था।

### बस पलटने से 40 यात्री घायल



**मुरैना।** मध्य प्रदेश के मुरैना शहर के पास निजी बस पलट जाने से लगभग 40 यात्री घायल हो गये। यह घटना देर रात एक बजे से दो बजे के बीच हुई। उस समय यात्री मध्यप्रदेश के ग्वालियर से राजस्थान स्थित मेहंदीपुर बालाजी मंदिर जा रहे थे। ऐसा लगता है कि बस चालक ने नियंत्रण खो दिया।

### 'आप' के संस्थापक सदस्य वाघेला का निधन



**पणजी।** आम आदमी पार्टी के संस्थापक सदस्य दिनेश वाघेला का गोवा में निधन हो गया। वह कुछ वक्त से बीमार थे। 'आप' की गोवा इकाई के उपाध्यक्ष वाल्मीकि नाइक ने कहा कि 73 वर्षीय वाघेला का सोमवार की रात पणजी में उनके आवास पर निधन हो गया। वाघेला आम आदमी पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य थे।

दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन का मामला

# शराब घोटाले में 'आप' के सांसद को छह महीने बाद मिली राहत, जेल से आए बाहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति पी बी वराले की पीठ ने छह महीने से जेल में बंद संजय सिंह को रिहा करने का आदेश दिया। पीठ ने कहा कि आप नेता अपनी राजनीतिक गतिविधियां जारी रख सकते हैं लेकिन इस मामले के संबंध में कोई बयान नहीं दे सकते। सिंह की रिहाई ऐसे समय में हो रही है जब आम आदमी पार्टी के सामने 19 अप्रैल से शुरू होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले नेतृत्व का संकट है। दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप संयोजक अरविंद केजरीवाल तथा पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया इस मामले के सिलसिले में तिहाड़ जेल में बंद हैं। पीठ ने कहा कि सिंह पूरे मुकदमे के दौरान जमानत पर बाहर रहेंगे और उनकी जमानत की शर्तें विशेष अदालत तय करेगी। भोजनावकाश के बाद के सत्र में, ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि उन्होंने जांच एजेंसी से निर्देश ले लिए हैं और अगर सिंह को जमानत दी जाती है तो उसे कोई आपत्ति नहीं है। उन्होंने कहा, मैं मामले के गुण-दोषों में गए बिना बयान दे रहा हूं।

पीठ ने बयान पर संज्ञान लेते हुए आदेश दिया, एएसजी एसवी राजू को सुबह के सत्र में निर्देश लेने के लिए कहा गया था। उन्होंने कहा है कि अगर संजय सिंह को प्राथमिकी से जुड़ी कार्यवाही में जमानत पर रिहा किया जाता है तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं है।

### ईडी ने जमानत पर कोई आपत्ति नहीं की, तब जेल से आए बाहर

*सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में आप के नेता और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह को मंगलवार को जमानत दे दी। इससे पहले प्रवर्तन निदेशालय ने कहा था कि अगर सिंह को मामले में जमानत दी जाती है तो उसे कोई आपत्ति नहीं है। इधर, केजरीवाल की तिहाड़ जेल में पहली राहत टहलते हुए बीती।*

### कोर्ट ने ईडी से पूछा- क्या और हिरासत में रखने की आवश्यकता है

सुप्रीम कोर्ट ने ईडी से मंगलवार को पूछा कि क्या उसे दिल्ली आबकारी नीति संबंधी कथित घोटाले के सिलसिले में गिरफ्तार आप के नेता संजय सिंह को और अधिक समय तक हिरासत में रखने की आवश्यकता है। पीठ ने प्रवर्तन निदेशालय की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू से कहा कि वह निर्देश लें।

### आतिशी ने कहा - सत्यमेव जयते



आप की नेता आतिशी ने सुप्रीम के फैसले का मंगलवार को स्वागत किया। दिल्ली की मंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर सिंह की जमानत की खबर साझा की और लिखा, सत्यमेव जयते। प्रवर्तन निदेशालय ने सिंह को दिल्ली सरकार की अब रद्द हो चुकी आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में पिछले साल चार अक्टूबर को गिरफ्तार किया था।



### केजरीवाल का शुगर लेवल गिरा

इधर, दिल्ली शराब नीति केस में तिहाड़ जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पहली रात घूमते-टहलते बीती। जेल अधिकारी के हवाले से जानकारी दी है कि केजरीवाल कोठरी में रातभर घूमते रहे। वे सिर्फ कुछ देर के लिए ही सीमेंट की फर्श पर सोए। मंगलवार सुबह केजरीवाल का शुगर लेवल कम था। वह डॉक्टरों की निगरानी में हैं। उन्हें सोमवार शाम 4 बजे तिहाड़ जेल लाया गया था। बैरक में भेजने से पहले मेडिकल में भी उनका शुगर लेवल 50 दर्ज हुआ था। डॉक्टरों की सलाह पर उन्हें दवाएं दी गईं थीं। सोमवार को जेल पहुंचने पर केजरीवाल को चाय दी गई थी। रात के खाने में उन्हें घर का बना खाना परोसा गया। सोने के लिए उन्हें एक गद्दा, कंबल और दो तकिए दिए गए। केजरीवाल को दोपहर और रात में घर का बना खाना खाने की अनुमति है। जब तक उनका शुगर लेवल सामान्य नहीं हो जाता, तब तक उन्हें घर का खाना दिया जाएगा।

संजय की पत्नी बोलीं-

### खुशियां अधूरी हैं, क्योंकि मेरे 3 भाई अब भी सलाखों के पीछे



संजय सिंह को जमानत दिए जाने के बाद उनकी पत्नी अनीता सिंह ने कहा कि उनके तीन "भाइयों" अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन के अब भी सलाखों के पीछे होने के कारण खुशियां अधूरी हैं। सिंह की जमानत को "सच्चाई की जीत" करार देते हुए उनकी पत्नी ने कहा कि आप तब जश्न मनाएगी, जब उसके सभी नेता मामले में रिहा होंगे। अनिता सिंह ने कहा, जब तक मेरे तीनों भाई अरविंद जी, मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन हिरासत से बाहर नहीं आ जाते, ये खुशी अधूरी है। ये सत्य की जीत है।

एक्शन में निर्वाचन आयोग

# पांच राज्यों में बदले 8 डीएम, 12 एसपी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को पांच राज्यों में आठ जिलाधिकारियों और 12 पुलिस अधीक्षकों के तबादले का आदेश जारी किया। आयोग ने कहा कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार की अध्यक्षता में निर्वाचन आयुक्तों ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू की अध्यक्षता में हुई बैठक में आयोग द्वारा की गई नियमित समीक्षा के तहत यह फैसला किया गया। स्थानांतरित किए गए सभी अधिकारियों को तत्काल अपने कनिष्ठ अधिकारी को प्रभार सौंपने के लिए कहा गया है। आयोग ने साथ ही कहा कि जिन अधिकारियों ने इस्तीफा दे दिया है, उन्हें लोकसभा चुनावों के पूरा होने तक कोई चुनाव ड्यूटी नहीं दी जाएगी।

### कोई चुनावी ड्यूटी नहीं मिलेगी

अधिकारियों के ट्रांसफर का ये फैसला मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार की अध्यक्षता में ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू की नियमित समीक्षा बैठक में किया गया है। आयोग के निर्देश के तहत सभी स्थानांतरित अधिकारियों को उन्हें अपना काम जूनियर अधिकारियों को सौंपने के लिए कहा गया है। इन अधिकारियों को आम चुनाव 2024 के पूरा होने तक कोई चुनावी ड्यूटी नहीं सौंपी जाएगी। संबंधित राज्य सरकारों को आयोग को आईएएस और आईपीएस अधिकारियों के नामों का एक पैनल भेजने का निर्देश भी दिया गया है।

### चुनाव से पहले ओडिशा में हुए कई तबादले

चुनाव आयोग ने मंगलवार को ओडिशा सरकार को 2 जिलाधिकारियों, 5 पुलिस अधीक्षकों और एक पुलिस महानिरीक्षक समेत 8 अधिकारियों का तबादला करने का आदेश दिया। आयोग के सचिव राकेश कुमार ने ओडिशा के मुख्य सचिव प्रदीप कुमार जेना को लिखे पत्र में कहा कि उक्त अधिकारियों का तबादला चुनाव से अतिरिक्त कार्यों के लिए किया जाए। पत्र में कहा गया, 'मुझे यह बताने का निर्देश दिया गया है कि आयोग ने निर्णय लिया है कि 8 अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से गैर-चुनाव संबंधी पदों पर स्थानांतरित किया जाए।

रिश्वत के बदले सवाल

# महुआ की मुश्किलें बढ़ीं ईडी ने दर्ज किया केस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

तृणमूल कांग्रेस की नेता महुआ मोइत्रा की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रहीं। सीबीआई के बाद अब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उनके खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गौरतलब है कि महुआ मोइत्रा के खिलाफ पहले ही रिश्वत के बदले संसद में सवाल पूछने के मामले में सीबीआई की जांच जारी है। तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा पर कारोबारी दर्शन हीरानंदानी के कहने पर संसद में सवाल पूछने का आरोप है। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने दावा किया था कि ये सबूत वकील जय अनंत देहादराई द्वारा प्रदान किए गए थे।

### लोकसभा में पैसे लेकर सवाल

दरअसल, पिछले साल 2023 में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने मोइत्रा पर महंगे गिफ्ट्स और पैसे लेने के बदले में कारोबारी दर्शन हीरानंदानी के इशारे पर अडाणी ग्रुप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को निशाना बनाने के लिए लोकसभा में सवाल पूछने का आरोप लगाया था। महुआ पर राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता करने का भी आरोप लगा था। इसके बाद यह मामला लोकसभा की एथिक्स कमेटी में भेज दिया गया था, जहां पर महुआ दोषी पाई गई थीं। इसके बाद महुआ को लोकसभा से निष्कासित कर दिया गया था।

### सीबीआई भी जांच कर रही

केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई भी टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ प्रारंभिक जांच कर रही है। मामला कैश फॉर क्वेरी केस से ही जुड़ा है। सीबीआई ने लोकपाल के निर्देश के बाद जांच शुरू की है। एजेंसी इस जांच के आधार पर ही तय करेगी कि मोइत्रा के खिलाफ क्रिमिनल केस दर्ज किया जाए या नहीं। प्रारंभिक जांच के तहत सीबीआई किसी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकती या तलाशी नहीं ले सकती है, लेकिन वह जानकारी मांग सकती है।

## लोकतंत्र की खूबसूरत तस्वीर!

**महासमुंद।** महासमुंद में लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिले के दौरान एक तस्वीर ने सबका ध्यान खींचा है। दरअसल, कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू रैली के साथ नामांकन दाखिल करने पहुंचे। ठीक उसी समय मुहूर्त के अनुसार नामांकन दाखिल करने भाजपा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी से आमना-सामना हो गया। रूपकुमारी चौधरी ने ताम्रध्वज साहू से मुलाकात की और उनके पैर छूकर प्रणाम किया। उन्होंने कहा कि ताम्रध्वज साहू वरिष्ठ नेता हैं, इसलिए पैर छूकर उनसे जीत का आशीर्वाद मांगा है।

*भाजपा प्रत्याशी रूपकुमारी ने कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज के छुए पैर*



ओवरटेक के चक्कर में हादसा

# डंपर-ऑटो की टक्कर सात श्रद्धालुओं की मौत

एजेंसी ▶▶| चित्रकूट

चित्रकूट जिले के कर्वी क्षेत्र में मंगलवार को सुबह तेज रफ्तार से जा रहे एक डंपर की टक्कर लगने से ऑटोरिक्शा सवार सात श्रद्धालुओं की मौत हो गई तथा तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। कर्वी कोतवाली क्षेत्र के अमानपुर मार्ग पर कपसेठी गांव के नजदीक डंपर ने एक ऑटोरिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी। अनिरुद्ध (30), अतर सिंह (50) और अखिलेश सिंह (22) तथा हमीरपुर जिले के रहने वाले धर्मेंद्र सोनी (30) और निधि सोनी (19) समेत दो अन्य की मौत हो गई।



### रामघाट जा रहे थे श्रद्धालु

त्रिपाठी ने बताया कि सभी श्रद्धालु कर्वी रेलवे स्टेशन से ऑटोरिक्शा में सवार होकर रामघाट जा रहे थे। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। उन्होंने बताया कि हादसे के बाद डंपर चालक अपना वाहन छोड़कर भाग गया है। उसकी तलाश की जा रही है।

### दो मृतकों की शिनाख्त नहीं

इनमें कन्नौज निवासी अखिलेश व अनिरुद्ध और हमीरपुर निवासी निधि शामिल हैं। फिलहाल, अभी दो और मृतकों की शिनाख्त नहीं हो पाई। बताया जा रहा है कि मृतक चित्रकूट दर्शन करने के लिए आए थे, जो हादसे का शिकार हो गए है। पुलिस ने जांच-पड़ताल शुरू की है।

सात मंत्री भी रिटायर, पांच लड़ रहे लोकसभा चुनाव

# रास से 54 सांसदों का पूरा हो गया कार्यकाल


हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के बाद से ही राजनीतिक दल निर्वाचन क्षेत्रों में ताबड़तोड़ रैली कर रही है। इस बीच, संसद के उच्च सदन राज्यसभा से कई सदस्य सेवानिवृत्त होने वाले हैं, जिनमें से कुछ दोबारा इस सदन में नहीं लौटेंगे। मंगलवार को 49 राज्यसभा के सदस्य सेवानिवृत्त हुए हैं।

राज्यसभा से 3 अप्रैल को रिटायर होने वाले सांसदों में पूर्व पीएम मनमोहन सिंह भी शामिल हैं। गौरतलब है कि ▶▶|शेष पेज 3 पर

### अनिल बलूनी भी हुए सेवानिवृत्त

सेवानिवृत्त होने वाले अन्य लोगों में भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी भी शामिल हैं, जो उत्तराखंड की गढ़वाल सीट से लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। इसके अलावा, भाजपा के पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी भी राज्यसभा से सेवानिवृत्त हो रहे हैं और उन्हें पार्टी ने दोबारा नामांकित नहीं किया है।



### सरोज पांडेय भी उच्च सदन से रिटायर

भाजपा के अनिल जैन भी मंगलवार को सेवानिवृत्त हो गए, क्योंकि उन्हें पार्टी ने दूसरा कार्यकाल नहीं दिया है। इसी तरह छत्तीसगढ़ से सरोज पांडेय भी हैं, जो राज्य में लोकसभा चुनाव लड़ रही हैं।

### राज्यसभा से 49 सदस्य हुए सेवानिवृत्त

बता दें मंगलवार को 49 राज्यसभा के सदस्य सेवानिवृत्त हुए, जबकि पांच बुधवार 3 अप्रैल को रिटायर होंगे। उच्च सदन से सेवानिवृत्त होने वालों में समाजवादी पार्टी की जया बच्चन भी शामिल हैं, जिन्हें उनकी पार्टी ने एक और कार्यकाल के लिए राज्यसभा के लिए फिर से नामित किया है। कांग्रेस पार्टी के अभिषेक सिंघवी, जिनका राज्यसभा में कार्यकाल आज समाप्त हो रहा है, उच्च सदन में नहीं होंगे क्योंकि वह हिमाचल प्रदेश से अपना चुनाव हार गए हैं।

जम्मू कश्मीर में बड़ी कामयाबी

# आतंकियों ने गुफा को बना रखा था अपना ठिकाना



एजेंसी ▶▶| मेंढर/जम्मू

जम्मू कश्मीर में सुरक्षा बलों ने पुंछ जिले में एक आतंकी ठिकाने का पता लगाया। अभियान में एक गुफा में आतंकी ठिकाने का पता चला जहां से कुछ कपड़े और खाने का सामान बरामद हुआ। हालांकि, कोई हथियार और गोला-बारूद नहीं मिला। अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।

### पाकिस्तानी ड्रोन संदिग्ध

एक अन्य घटना में, जम्मू के अरनिया सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास त्रेवा गांव के स्थानीय लोगों ने सोमवार देर रात एक संदिग्ध पाकिस्तानी ड्रोन की आवाजाही की सूचना दी। उन्होंने कहा कि इसके बाद पुलिस और बीएसएफ के जवानों ने तलाशी अभियान चलाया।

चिंतन

# चीन को 'चीनी अंदाज' में कड़ा जवाब दे भारत

अरुणाचल प्रदेश के शहरों, गांवों, नदियों, झीलों, वन क्षेत्र आदि के बार बार नाम बदलने की चीनी हिमाकत का करारा जवाब दिया जाना जरूरी है। पहली बार 2017 में जब पहली बार चीन ने यह हिमाकत की थी, तभी भारत को कठोर एक्शन लेना चाहिए था। इस बार अरुणाचल प्रदेश के 30 जगहों के चीनी नाम चीन ने रख दिया है, इससे पहले तीन बार ऐसा कर चुका है। हर बार भारत ने कड़ी प्रतिक्रिया दी और चीनी करतूतों को खारिज किया, पर इससे बात नहीं बन रही है। चीन बार बार भारत को उकसावे वाली गतिविधियां करता रहा है। नाम रखने के अलावा, कभी अरुणाचल के लोगों को वीजा से इनकार तो कभी नेताओं के अरुणाचल दौरे पर आपत्ति जताता है। भारत व चीन सीमा क्षेत्र के बीच 1914 से मैकमोहन रेखा निर्धारित है, इसके बावजूद, चीन कभी लद्दाख में, कभी अरुणाचल प्रदेश में, कभी उत्तराखंड में सीमा पर विवाद खड़ा करता रहता है। गलवान की हिसंक झड़प के बावजूद चीन अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। चीन अरुणाचल प्रदेश के पास सीमा पार अपने इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत कर रहा है। चीन कभी भी भरोसेमंद पड़ोसी नहीं रहा है, भारत के भरोसा जताने के बावजूद चीन ने धोखा ही दिया है। भारत और चीन के बीच हिमालय पर्वत क्षेत्र है, जो भौगोलिक रूप से दोनों देशों को विभाजित करता है, लेकिन हिमालय क्षेत्र में भारत की ओर के क्षेत्र पर चीन की हमेशा बुरी नजर रही है। कभी चीनी दीवार तक सिमटा चीन ने अपनी विस्तारवादी नीति के तहत पड़ोस के कई क्षेत्र पर अवैध कब्जा कर चुका है। शिनझियांग, मकाऊ, तिब्बत आदि क्षेत्र कभी भी चीन का हिस्सा नहीं रहे, भारत से युद्ध के बाद भारत के क्षेत्र अक्साई चिन पर अवैध कब्जा जमाए हुए है। भारत को अरुणाचल में स्थानों का नाम बदलने के चीन के ''मूर्खतापूर्ण प्रयासों'' को सदा के लिए बंद करने के उपाय करने होंगे। पूर्व पीएम पंडित जवाहरलाल नेहरू की गलतियों को ठीक करते हुए, भारत को तिब्बत को लेकर नया मोर्चा खोलना चाहिए। चीन बेशक मजबूत है, लेकिन अभेद्य नहीं है। भारत को सामरिक और कूटनीतिक दोनों स्तर पर चीन को घेरना चाहिए। केवल चेतावनी देने से बात नहीं बन रही है। भारत के मजबूत नेता को चीन के दुस्साहस के खिलाफ मजबूत फैसले लेने होंगे। चीन की करतूतों को हर वैश्विक मंच पर बेनकाब करना होगा। चाणक्य के देश भारत को चीन के खिलाफ सतत कूटनीतिक माइंडगेम के हथियार का इस्तेमाल करते रहना पड़ेगा। सामरिक व सीमा विवाद मामले पर देश में राजनीति नहीं होनी चाहिए, जैसा अक्सर कांग्रेस करती रहती है। चीन के साथ विवाद कांग्रेस सरकार की गतलियों की वजह से ही बढ़ी है। 'हिंदी चीनी भाई भाई' नारे की कितनी भारी कीमत भारत ने उठाई, यह कांग्रेस की ही पंचशील नीति का खामियाजा थी। यह वास्तविकता जरूर है कि किसी के नाम बदलने या नया नाम रख देने से वह उसका नहीं हो जाएगा, लेकिन यह हिमाकत करना ही दूसरे राष्ट्र को उकसाना है। चीन यही कर रहा है। चीन भारत के साथ सीमा विवाद जानबूझ कर नहीं सुलझाना चाहता है, ऐसे में भारत को भी चीनी अंदाज में ही जवाब देना चाहिए। तिब्बत पर मोर्चा खोलना चाहिए, अक्साई चिन लेने का प्रयास करना चाहिए, कैलाश मानसरोवर समेत सभी भारतीय ऐतिहासिक-सांस्कृतिक महत्व के क्षेत्र तक पहुंच भारतीय क्षेत्र से सुनिश्चित करनी चाहिए, पीओके और गिलगित-बाल्टिस्तान को भारतीय क्षेत्र में मिलाने के प्रयास से भी चीन के सीपेक को धक्का लगेगा। चीन के साथ ट्रेड को धीरे-धीरे जीरो स्तर पर लाना होगा।



सवाल
आर.के. सिन्हा

# बांग्लादेश में भारत के दुश्मन कौन

जिस भारत ने 1970 तक के पूर्वी पाकिस्तान, की प्रताड़ित और पीड़ित आम जनता के हितों की रक्षा के लिए पाकिस्तान से युद्ध मोल लिया, उस बांग्लादेश का प्रमुख विपक्षी दल बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) लगातार भारत के खिलाफ जहर उगलता रहता है। उसके जहरीले अभियान से पड़ोसी मुल्क के कठमुल्लों को भी भारत और अपने ही बांग्लादेश के हिन्दुओं के खिलाफ हिंसा करने का मौका मिल जाता है। बांग्लादेश में बीएनपी ने हाल ही में भारत के उत्पादों के बॉयकाट का आह्वान भी किया हुआ है। इसके चलते वहां प्रधानमंत्री शेख हसीना सरकार और विपक्ष आमने-सामने हैं। मुस्लिम बहुल बांग्लादेश में भारत विरोधी भावना कोई नई बात नहीं है। पिछले साल क्रिकेट विश्व कप में भारत की हार के बाद ढाका और कई शहरों में जश्न मना था। मैं स्वयं 1970 के भारत -पाक युद्ध में 'युद्ध संवाददाता'के हैसियत से बांग्लादेश में भारतीय सेना के साथ रहा था। युद्ध के दौरान भारतीय सेना ने लाखों बांग्लाभाषी मुसलमानों को क़त्लेआम से बचाया। इन सभी अत्याचारों का मैं प्रत्यक्षदर्शी गवाह हूं,लेकिन बांग्लादेश की आज़ादी के बाद जब बंगबंधु शेख़ मुज़ीबुर रहमान ने सभी युद्ध संवाददाताओं के साथ वरिष्ठ संपादकों को एक विशेष ट्रेन भेजकर बुलाया, तभी जगह-जगह 'इंडियाज़ जिनीस-पत्तर भालो नेई' के वाल पेंटिंग देखने को मिले। जब मैंने शेख़ मुजीब के पीआरओ से पूछा कि भारत ने तो युद्ध के बाद लाखों बांग्लादेशियों को भुखमरी से बचाया, हज़ारों मकान बनवाए, फिर यह क्या चल रहा है?' तब पीआरओ ने कहा 'आप चिंता मत कीजिए। कुछ हिंदू विरोधी कट्टरपंथी हैं, उन्हें ठीक करने में सरकार लगी हुई है।' लेकिन वे तो आज भी बने हुए हैं, बल्कि कई गुना बढ़ गए हैं। बांग्लादेश में भारत के कथित हस्तक्षेप को लेकर विरोध और असहमति 1990 के दशक से देखी जा रही है, लेकिन हाल के वर्षों में विरोध के ये सुर कहीं ज़्यादा मुखर हुए हैं। बीएनपी और उसकी सहयोगी पार्टियों ने देश में बीती जनवरी में हुए आम चुनाव का बहिष्कार किया था। इस चुनाव में जीत के बाद शेख़ हसीना चौथी बार बांग्लादेश की प्रधानमंत्री बनी थीं। आम चुनाव के बाद से बीएनपी के अधिकांश नेता ये माहौल बनाने में जुटे हुए हैं कि बांग्लादेश के एकतरफ़ा चुनाव को सिर्फ़ भारत की वजह से वैधता मिली है और इसलिए लोगों को भारत और उसके उत्पादों का बहिष्कार करना चाहिए। संकेत बहुत साफ है कि बीएनपी भारत से नफरत करती है। हालांकि उसकी नफरत की वजह समझ से परे है। भारत का 1947 में बंटवारा हुआ। पंजाब और बंगाल सूबों के कुछ हिस्से पाकिस्तान में चले गए। आगे चलकर पाकिस्तान का वह भाग, जिसे पूर्वी पाकिस्तान कहते थे, 1971 में एक स्वतंत्र देश के रूप में विश्व मानचित्र पर उभरा। नए देश का नाम बांग्लादेश के रूप में जाना गया। उसकी स्थापना में भारत का योगदान रहा। वहां कट्टरता की एक तस्वीर लगातार देखने को मिलती रहती है। हिन्दुओं और प्राचीन हिन्दू मंदिरों पर हमले लगातार होते रहते हैं। कुछ साल पहले बांग्लादेश में अमेरिकी ब्लॉगर अविजित रॉय की निर्मम हत्या और उनकी पत्नी के ऊपर हुए जानलेवा हमले से वहां पर कट्टरता की बढ़ती ताकत का पता चलता है। वहां पर धर्मनिरपेक्ष ताकतों के लिए स्पेस जीवन के सभी क्षेत्रों में घट रहा है। अविजित रॉय बांग्लादेश मूल के अमेरिकी थे। वे हिन्दू थे। वे और उनकी पत्नी बांग्लादेश में कट्टरपंथी ताकतों के खिलाफ आवाज बुलंद कर रहे थे। अविजित की हत्या से बांग्लादेश में हिन्दुओं की भयावह होती स्थिति पर पूरी दुनिया का ध्यान गया था। यह अफसोसजनक बात है कि बांग्लादेश में हिन्दू सुरक्षित नहीं हैं। जिस बांग्लादेश में 'हिफ़ाज़त-ए-इस्लाम' जैसा जहरीला संगठन सक्रिय होगा उसका भगवान ही मालिक है। यह अपने देश के लोगों को यह समझाने में सफल रहा कि इस्लाम खतरे में है। कैसे खतरे में है? यह कोई नहीं बता सकता। बांग्लादेश में 90 फीसदी से अधिक मुसलमान हैं। तस्लीमा नसरीन ने भी अपने उपन्यास लज्जा में बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की दर्दनाक स्थिति पर विश्तार से लिखा है, इसलिए ही उनकी जान के दुश्मन हो गए यह कट्टरपंथी। उसी विरोध के कारण तसलीमा को बांग्लादेश छोड़ना पड़ा था। तसलीमा लसरीन का उपन्यास 1993 में पहली बार प्रकाशित हुआ था। वह लज्जा में साम्प्रदायिक उन्माद के नृशंस रूप को सामने लाती हैं। लज्जा के आने के बाद कट्टरपंथियों ने उनके खिलाफ फतवा जारी किया था। बांग्लादेश की स्थापना के बाद लग रहा था कि वहां पर हिन्दुओं की स्थिति सुधर जाएगी। भारत की चाहत रही है कि बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना सत्तासीन रहें। निश्चित रूप से बांग्लादेश में शेख हसीना का सत्ता पर काबिज होना भारत और वहां के हिन्दुओं के हित में है।

(लेखक पूर्व सांसद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



एक देश, एक चुनाव
डॉ. रमेश ठाकुर

# चुनावों में फिजूल खर्ची रुकेगी

देश में चुनाव पर बहुत ज्यादा पैसा फिजूल खर्च होता है। सवाल ये है आखिर ये समस्या रुके कैसे, हालांकि इसको लेकर एक चुनाव एक देश की मुहिम कारगर साबित हो सकती है। वन नेशन, वन इलेक्शन की मांग लंबे समय से उठती रही है। अब तो परिस्थितियां ऐसी हो गई हैं कि हर एक-दो साल के अंतराल पर किसी न किसी बड़ी विधानसभा के चुनाव करने पड़ते हैं। इसमें कोई दो राय नहीं कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ न होने से चुनावों में लगने वाले लंबे-चौड़े अमले, नेताओं और जनता के बहुमूल्य समय के साथ-साथ अकूत धन का क्षरण होता है। साथ ही बार-बार होने वाले चुनावों से विकास की गति बाधित होती है।

चुनाव बहुत खर्चीले हो गए हैं, बिना पैसों के लड़ना अब संभव नहीं? सवाल ये है आखिर ये समस्या रुके कैसे, हालांकि इसको लेकर एक चुनाव एक देश की मुहिम कारगर साबित हो सकती है, क्योंकि हमारे यहां हर वक़्त चुनावी मौसम रहता है। इनमें काफी समय, धन और संसाधन बर्बाद होता है। यही वजह है कि वन नेशन, वन इलेक्शन की मांग लंबे समय से उठती रही है। प्रधानमंत्री मोदी की भी यही तमन्ना रही है, इसलिए गाहे-बगाहे वह अपनी इच्छा जताते रहे हैं। हाल ही में उनकी सरकार ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक राष्ट्र, एक चुनाव की संभावनाओं की समीक्षा के लिए एक उच्चस्तरीय कमेटी गठित कर इस मुद्दे को फिर से छेड़ दिया है।

गौरतलब है कि देश में एक साथ चुनाव की अवधारणा नई नहीं है। आजादी के बाद 1951-52 में पहले चुनाव से लेकर 1967 तक एक लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ होते रहे, लेकिन 1968 और 1969 में कुछ विधानसभाओं के समय से पूर्व भंग होने के कारण यह चलन जारी नहीं रह सका। अब तो परिस्थितियां ऐसी हो गई हैं कि हर एक-दो साल के अंतराल पर किसी न किसी बड़ी विधानसभा के चुनाव करने पड़ते हैं। इसमें कोई दो राय नहीं कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ न होने से चुनावों में लगने वाले लंबे-चौड़े अमले, नेताओं और जनता के बहुमूल्य समय के साथ-साथ अकूत धन का क्षरण होता है। साथ ही बार-बार होने वाले चुनावों से विकास की गति बाधित होती है, क्योंकि हर चुनाव की घोषणा के साथ ही आचार संहिता से लागू हो जाती है। फिर आचार संहिता इतनी लंबी चलती है कि अगले दो-ढाई महीने तक तरक्की पर ब्रेक लग जाता है। निःसंदेह एक साथ चुनाव से इन तमाम विसंगतियों पर काबू पाया जा सकता है। गौर फरमाएं तो प्रधानमंत्री मोदी भी यही तर्क देकर कभी लाल किला की प्राचीर से तो कभी पीठासीन अधिकारियों की सम्मलेन में इसकी पुरजोर वकालत करते रहे हैं। उनके कार्यकाल में ही लॉ कमीशन, नीति आयोग और संसद की स्थायी समिति के जरिये इसकी समीक्षा की जा चुकी है। इस तरह मोदी सरकार द्वारा रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में गठित यह चौथी समिति है। हालांकि इससे पूर्व की समितियों की सिफारिशों पर अब तक वर्तमान सरकार ने कोई निर्णय लिया है। इसकी वजह यह है कि यह कहने-सुनने में जितना व्यावहारिक और उचित लगता है, उतना शायद भारत जैसे संघीय और संवैधानिक ढांचे वाले मुल्क में आसान नहीं है। वैसे, मकसद और उद्देश्य अगर केवल समय और धन की बचत है तो फिर यह भी दलील दी जा सकती है कि हर पांच वर्ष में ही चुनाव क्यों कराए जाएं? उनकी समयावधि बढ़ाकर छह-सात वर्ष क्यों न कर दी जाए? इससे समय और धन की बचत तो हो जाएगी, लेकिन कई और समस्याएं खड़ी हो जाएंगी। मसलन अगर इनमें जीत दर्ज करने वाली कोई सियासी पार्टी अच्छा काम नहीं कर रही है और जन अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतर रही है तो उसे फिर जनता को पांच से अधिक वर्षों तक बर्दाश्त करने के लिए विवश होना पड़ेगा। हमारे देश में वैसे ही इसकी संभावनाएं प्रबल हैं



क्योंकि चुनावी वादे करके भूलना हमारे नेताओं और राजनीति दलों की आदत में शुमार है। चुनाव सुधारों के तौर पर मतदाताओं को अक्षम जनप्रतिनिधियों को वापस बुलाने का अधिकार देने की मांग बेमानी हो जाएगी।

देश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव फिलहाल अलग-अलग होने के बावजूद इसे शांतिपूर्वक सम्पन्न कराना निर्वाचन आयोग और सुरक्षा बलों के लिए बड़ी चुनौती होती है। इसमें काफी समय लगता है। मसलन 2019 के आम चुनाव सात चरणों में संपन्न हुए और इसमें 39 दिन अर्थात सवा महीने का समय लगा। इस दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगभग 2.7 लाख अर्द्धसैनिक बलों और 20 लाख पुलिस फोर्स का सहारा लेना पड़ा। इसी तरह बड़े राज्यों के विधानसभा चुनावों को कई फेज में कराना पड़ता है जिनके लिए काफी सुरक्षा बलों की तैनाती करनी पड़ती है। ऐसे में एक साथ लोकसभा और विधानसभा चुनाव करवाने में लगने वाले समय और संसाधन का अंदाजा बखूबी लगाया जा सकता है। बात केवल इतनी भर नहीं है। असल में विविधता वाले हमारे देश में राजनीतिक परिस्थितियां इसके अनुकूल नहीं हैं। बहु-दलीय राजनीतिक व्यवस्था वाले हमारे देश में जनता के चुनावी मुद्दे एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र, एक राज्य से दूसरे राज्य और फिर राज्य से राष्ट्रीय स्तर तक अलग-अलग हैं। मुद्दों के साथ-साथ उनकी चुनावी प्राथमिकताएं अलग-अलग हैं। किसी राज्य में लोग अपने यहां के क्षेत्रीय दलों को पसंद करते हैं तो किसी राज्य के राष्ट्रीय दलों को तरजीह देते हैं। भू-सामाजिक और राजनीतिक वैविधता से लोगों के सामने बहुत से विकल्प खुले होते हैं और जन-मानस अपनी आवश्यकताओं के अनुसार ही अलग-अलग प्रशासनिक स्तर पर दलों का चयन करते हैं। ऐसे में एक साथ चुनाव कराने से क्षेत्रीय दलों को काफी नुकसान होगा और उनकी संभावनाएं क्षीण होती जाएंगी, क्योंकि बदली हुई निर्वाचन प्रणाली में राष्ट्रीय मुद्दों और जनभावनाओं का प्रभुत्व होगा। हमारे देश में वैसे ही गठबंधन सरकारों का एक लंबा दौर रहा है। कई बार किसी दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिलने और फिर आपस में गठबंधन की सहमति नहीं बन पाने से त्रिशंकु जैसे हालात पैदा हो जाते हैं। एक साथ चुनाव कराने की स्थिति में अगर केंद्र में किसी दल या गठबंधन की सरकार बन जाती है और किसी राज्य में त्रिशंकु परिस्थितियां उत्पन्न हो गईं, ऐसे में हालात बड़े विचित्र हो जाएंगे। फिर यही बात केंद्र के लिए भी लागू होती है। ऐसी परिस्थितियों में क्या त्रिशंकु लोकसभा या विधानसभाओं को अगले पांच वर्षों तक फिर से एक साथ चुनाव होने की प्रतीक्षा करनी पड़ेगी या फिर से फौरन चुनाव करवा कर समय, धन और संसाधनों की बर्बादी की जाएगी?


भारतीय संविधान में लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं के अपने-अपने अधिकार प्रदत्त हैं। इनके अनुसार ही यह कार्य करती हैं और जनहित वाली योजनाओं का सृजन करती हैं। इसके अतिरिक्त शासन का तीसरा स्तर भी है जो स्थानीय निकायों के जरिये चलता है। इसका मकसद स्थानीय सतह पर योजनाओं को सुचारू रूप से क्रियान्वित करना है। लोकसभा और विधानसभाओं के एक साथ चुनाव करवाने से स्थानीय निकायों में भी इसका प्रयोग किए जाने की मांग उठने लगेगी। सबसे बड़ी दिक्कत तो संसद के उच्च सदन राज्यसभा के सामने पेश आएगी जिसके सदस्यों का कार्यकाल 6 साल का होता है और इसमें से हर दो वर्ष पर एक-तिहाई सदस्यों का कार्यकाल समाप्त होता है।

ऐसे में जाहिर तौर पर तो चुनाव संबंधी धन-संसाधन एवं समय की बर्बादी को कम करने, स्थिर शासन और बार-बार चुनाव से होने वाले अवरोधों को कम करने के लिए एक साथ चुनाव प्रासंगिक लगते हैं, लेकिन क्या यह व्यावहारिक भी हैं। इसका जवाब तलाश करने के लिए इस पर व्यापक चर्चा जरूरी है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।


## सुख की चाह के लिए तप की साधना ज़रूरी है...



संकलित
दर्शन

तप संकल्प की प्राप्ति का एकमात्र उपाय है। जिसे सत्य संकल्प द्वारा सुख की चाह है, उसे तप की साधना अवश्य करनी चाहिए। संकल्प के दृढ़ एवं सत्य न होने का सबसे बड़ा कारण तप की कमी होता है। जो व्यक्ति अपने स्थूल और सूक्ष्म शरीर के द्वारा तप नहीं करता, वह अपने संकल्पों को कभी प्राप्त नहीं कर सकता। तप से हमें अपने मन और तन, दोनों को पक्का बनाना होता है। जैसे मिट्टी का कच्चा घड़ा पानी डालने पर गल जाता है। वह अग्नि में बिना तपे कभी जल नहीं ला सकता। इसी प्रकार जब तक मनुष्य अपने जीवन को तप द्वारा पक्का नहीं बनाता, तब तक वह कभी भी अपने संकल्पों की सिद्धि को धारण नहीं कर सकता। तप से जीवन की समस्त अशुद्धियां दूर होती हैं। अशुद्धियों के दूर होने से शरीर और इंद्रियों को विशेष सिद्धि मिलती। तभी कहा जाता है कि तप से सभी कुछ साध्य है। वेदों में भी तप की महिमा और आवश्यकता का अनेक स्थानों पर वर्णन किया गया है। कल्याण की कामना करने वाले ऋषिगण भी प्रथम तप और दीक्षा का ही अनुष्ठान करते हैं। श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय स्कंध में श्री भगवान ब्रह्मजी से कहते हैं कि 'मैं इस दृश्यमान अखिल प्रपंच को तप द्वारा रचता हूं और पुनः तप द्वारा ही ग्रसित कर लेता हूं। मैं तप द्वारा ही इस विश्व का भरण-पोषण करता हूं और मेरा अत्यंत तेजस्वी पराक्रम तप ही है। तप द्वारा वह तेज और वह शक्ति प्राप्त की जा सकती है, जो किसी भी संकल्प की प्रतिपूर्ति का आधार बनती है।'

## बहरूपियों से हमेशा सतर्क एवं सावधान रहें



संकलित
प्रेरणा

एक कबूतर और एक कबूतरी एक पेड़ की डाल पर बैठे थे। उन्हें बहुत दूर से एक आदमी आता दिखाई दिया। कबूतरी के मन में कुछ शंका हुई और उसने कबूतर से कहा कि चलो जल्दी उड़ चले नहीं तो ये आदमी हमें मार डालेगा। कबूतरने लंबी सांस लेते हुए आराम के साथ कबूतरी से कहाः भला उसे ध्यान से देखो तो सही, उसके कपड़े देखो, चेहरे से भोलापन टपक रहा है, ये हमें क्या मारेगा, बिलकुल सज्जन पुरुष लग रहा है। कबूतर की बात सुनकर कबूतरी चुप हो गई। जब वह आदमी उनके पास आया तो अचानक उसने अपने वस्त्र के अंदर से तीर कमान निकाला और झट से कबूतर को मार दिया। और बेचारे उस कबूतरके वहीं प्राण पखेरू उड़ गए। असहाय कबूतरी ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई और बिलखने लगी। उसके बाद वह कबूतरी रोती हुई अपनी फरियाद लेकर राजा के पास गई और राजा को उसने पूरी घटना बताई। तुरंत शिकारी को पकड़ कर दरबार में लाया गया। शिकारी ने डर के कारण अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। उसके बाद राजा ने कबूतरी को ही उस शिकारी को सजा देने का अधिकार दे दिया। कबूतरी ने बहुत दुःखी मन से कहा किः मेरे विचार से इस क्रूर शिकारी को बस इतनी ही सजा दी जानी चाहिए कि अगर वो शिकारी है तो उसे हर समय शिकारी वाले कपड़े पहनना चाहिए। ये अच्छे व्यक्ति वाले कपड़े उतार दे क्योंकि अच्छे व्यक्ति वेल कपड़े पहन कर धोखे से घिनौने कर्म करने वाले सबसे बड़े नीच होते हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती


**नया वित्त वर्ष मंगलमय हो**

हमारे देश में हर वर्ष वित्तीय वर्ष 1 अप्रैल से 31 मार्च तक होता है। देश में वर्ष 1867 में अंग्रेजों ने पहली बार बजट प्रस्तुत किया था। उन्होंने 1 अप्रैल से 31 मार्च को वित्तीय वर्ष घोषित करके इसे अपनी सुविधा के लिए रखा था। तब से ही हमारे देश में वित्तीय वर्ष की परंपरा 1 अप्रैल से 31 मार्च तक चलती आ रही है। उम्मीद है कि हमारे देश के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 महत्वपूर्ण रहेगा और केंद्र में जो भी सरकार सत्ता में आएगी, वो देश के आर्थिक विकास के लिए काम करेगी। कुछ अर्थशास्त्री यह भी अनुमान लगाए हुए हैं कि यह वर्ष देश की जीडीपी अर्थात सकल घरेलू उत्पाद के लिए बेहतर हो सकता है। इस वित्त वर्ष में सभी का कारोबार खूब फले-फूले, यह कामना करनी होगी। - **विकास परसाई**, रायगढ़

## करंट अफेयर

# इजराइल अल जजीरा का संचालन बंद करेगा

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने संसद द्वारा अल जजीरा चैनल को बंद करने जैसे फैसले के लिए कानून पारित किए जाने के बाद सोमवार को संकल्प जताया कि देश में इस चैनल का परिचालन बंद कर दिया जाएगा। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि यह 'आंतकवादी चैनल' है जो उकसाता है। प्रसारक ने नेतन्याहू के उकसाने वाले दावे की निंदा करते हुए इसे 'खतरनाक, हास्यास्पद झूठ' बताया। अल जजीरा ने सोमवार देर रात एक बयान में कहा कि वह नेतन्याहू को अपने कर्मचारियों और कार्यालयों की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार मानता है। चैनल के मुताबिक, उसके पत्रकार अपने साहसिक और पेशेवर कवरेज को जारी रखेंगे, और वह ''हर कानूनी कदम उठाने का अधिकार सुरक्षित रखता है।'' इजराइल के अल जजीरा के साथ लंबे समय से खराब संबंध रहे हैं। इजराइल चैनल पर उसके प्रति पूर्वाग्रह रखने का आरोप लगाता है। लगभग दो साल पहले दोनों के संबंध तब और बिगड़ गए जब इजराइली कब्जे वाले वेस्ट बैंक में इजराइली सैन्य हमले के दौरान अल जजीरा की संवाददाता शिरीन अबू अकलेह की हत्या कर दी गई थी। अल जजीरा उन कुछ अंतरराष्ट्रीय मीडिया घरानों में से एक है जिसने पूरे युद्ध के दौरान गाजा से खबरें दीं।



## ऑफ बीट

# जीवित पक्षियों के लिए नए 'जीवन वृक्ष' का पता चला

पक्षी जीनोम के अब तक के सबसे बड़े अध्ययन से पक्षी परिवार के पेड़ की उल्लेखनीय रूप से स्पष्ट तस्वीर सामने आई है। अध्ययन से पता चलता है कि पक्षियों के अधिकांश आधुनिक समूह डायनासोर के विलुप्त होने के 50 लाख वर्षों के भीतर पहली बार दिखाई दिए। पक्षी हमारे जीवन का एक बड़ा हिस्सा हैं, शहरों में भी यह प्रकृति का प्रतीक हैं। वे आम जनता के बीच लोकप्रिय हैं और वैज्ञानिकों द्वारा उनपर काफी अध्ययन किया गया है। लेकिन इन सभी पक्षियों को एक पारिवारिक वृक्ष में रखना निराशाजनक रूप से कठिन रहा है। 360 से अधिक पक्षी प्रजातियों के जीनोम का विश्लेषण करके, हमारे अध्ययन ने जीवित पक्षियों के प्रमुख समूहों के बीच मौलिक संबंधों की पहचान की है। नया पारिवारिक वृक्ष पक्षी संबंधों के बारे में कुछ पिछले विचारों को उलट देता है, साथ ही कुछ नए समूहों का भी खुलासा करता है। पक्षी परिवार के पेड़ की तीन प्रमुख शाखाएँ हैं। पहली शाखा में टिनमस और रैटाइट्स शामिल हैं, जिनमें एमु, कीवी और शुतुरमुर्ग जैसे बिना उड़ने वाले पक्षी शामिल हैं। दूसरी शाखा में भूमिपक्षी और जलपक्षी – मुर्गियाँ, बत्तखें इत्यादि हैं। अन्य सभी पक्षी तीसरी शाखा में आते हैं, जिसे निओवेस के नाम से जाना जाता है, जिसमें 95% पक्षी प्रजातियाँ शामिल हैं।




## ट्रेंड

### एकजुट होने का क्षण



ऑटिस्टिक लोग शिक्षा, रोजगार और सामाजिक समावेशन के अपने मौलिक अधिकारों में बाधाओं का सामना करना जारी रखते हैं। विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस उनके महत्वपूर्ण योगदान का जश्न मनाने, अपने अधिकारों को समझने के लिए एकजुट होने का एक क्षण है।
-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव

### दुनिया अलग जगह होगी



यदि हम इस दुनिया में पर्याप्त संख्या में ऐसे लोगों का निर्माण कर सकें जिनका जीवन का अनुभव शारीरिक और मानसिक से परे हो, तो यह दुनिया एक बहुत अलग जगह होगी।
-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु

### चीन का नाम नहीं लेते



प्रधानमंत्री चीन का नाम नहीं लेते, विदेश मंत्री ना जाने क्यों चीन से घबराते हैं? चीन ने हमारे अरुणाचल की 30 जगहों के नाम बदल दिए-जयशंकर जी कहते हैं, क्या फ़र्क पड़ता है- मैं आपके घर का नाम बदल दूं, तो वह घर मेरा थोड़े ही हो जाएगा
-सुप्रिया श्रीनेत, कांग्रेस नेता

### नवाचार बढ़ने के प्रमाण



पूरे भारत में तकनीकी नवाचार के बढ़ने के प्रमाण। एक इंजीनियर जो अभी तक कोई अन्य डिलीवरी ऐप नहीं बना रहा है। संजीव आईआईटीआर स्तर 5 की स्वायत्तता को लक्षित करने के लिए जटिल गणित का उपयोग कर रहा है।
-आनंद महिंद्रा, उद्योगपति

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

लोक नाट्य

उर्मिला शुक्ल

# छत्तीसगढ़ी गायन परंपरा में दसमत गाथा



छत्तीसगढ़ी गाथाओं में चर्चित दसमत कैना उल्लेखनीय है। यह आंचलिक गाथा गायन परंपरा की लुप्त प्राय गाथा लोक वार्ता की अमूल्य निधि है। यह गाथा एक स्त्री के संघर्ष, उसकी जिजीविषा और उसके आत्म सम्मान की गाथा है। दसमत की यह गाथा किसी पुरुष की गाथा न होकर एक मेहनत कश स्त्री के स्वाभिमान और उसके सम्मान की गाथा है। इस गाथा गीत के अनुसार दसमत कैना राजा की पुत्री है जो गरीब ओड़िया सुदन से ब्याह दी जाती है। उसके पिता ब्राह्मण जाति के माने जाते हैं। नाट्य का प्रारंभ ही इस परिचय के साथ होता है -

राजा भोज बाम्हन के बेटी, कुल बमनीन के जात
अपन करतम तकदीर के सेती, पाए हे ओड़िया भतार।
सुदन बिहइया लागे कईना के, लच्छन देवता तोर।
सोला के लागे भतार, बारा बछर दसमत के उमर
सब ओड़िया ताबेदार।

कला जगत

डा. अर्चना पाठक

# खैरागढ़ राज के प्रमुख संगीतज्ञ रहे : दाऊ भानु



खैरागढ़ राज परिवार में राजा लाल बहादुर सिंह के काल में भानु प्रताप दास उनके कार चालक के रूप में पदस्थ थे। नाटकों के संचालन व निर्देशन में आपको महारथ हासिल थी। आपने तत्कालीन फारेस्ट ऑफिसर महापात्र की पुत्री को नृत्य एवं गायन की शिक्षा दी। आपके समकालीन अनेक संगीतज्ञों की कला का दरबार में सम्मान एवं प्रदर्शन होता रहता था। इसी कड़ी में आपके गुणों से प्रभावित होकर राजा बहादुर ने आपको प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया था।

## पुस्तक समीक्षा

# चिगबिगरी छत्तीसगढ़ी गीत संग्रह




कृति के नाव: चिगबिगरी
लेखक: पुसन कुमार
प्रकाशक: विक्रम प्रिंटर्स बालोद
पुस्तक समीक्षा: सीताराम ' श्याम'
मूल्य: पचास रुपए

छत्तीसगढ़ अंचल में कवियों द्वारा अपने अंचल विशेष को महत्व देने का प्रयास करते हैं ताकि उस क्षेत्र की विशेषता को पाठक कविता के माध्यम से समझ सकें। यही प्रयास इस पुस्तक में देखने में आ रहा है। इसमें बालोद अंचल के प्राकृतिक दृश्यों, धार्मिक महत्व के स्थलों, खानपान और तीज तिहार को महत्व दिया गया है। 52 कविता अपने आप में कोई न कोई संदेश देने के लिए पर्याप्त नजर आ रहे हैं। एक गुलदस्ता के रूप में सभी कविताओं को पिरोने का अच्छा प्रयास हुआ है जो शीर्षक से ही स्पष्ट हो जाता है।



बालोद जिला में स्थित गुंडरदेही से अर्जुन्दा मार्ग पर कांदुल गांव है। कंदमूल, हरी सेम और कांदा भाजी की बहुलता के कारण इस गांव का नाम 'कांदुल' पड़ा। बढ़ई द्वारा निर्मित बैलगाड़ियों के चक्कों के लिए यह गांव प्रख्यात रहा। देश की सीमा सुरक्षा बल में इस गांव के 54 नौजवान सेवारत हैं। यहां के धरती पुत्र उकेश ठाकुर देश के नाम शहीद हुए।


# कंदमूल की अधिकता से गांव कहलाया कांदुल

गांव की कहानी : डॉ. राघवेंद्र

बलोद जिला में स्थित गुंडरदेही से अर्जुन्दा मार्ग पर बसा गांव 'कांदुल' स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों से रचा-बसा गांव है। पूर्व में यह गांव आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र रहा। शस्य श्यामला कृषि भूमि वर्षा के लिए ईश्वराधीन रही। आज भी यह गांव सिंचाई की दृष्टि से भगवान भरोसे हैं। नामकरण की दृष्टि से देखा जाए तो कंदमूल, हरी सेम और कांदा भाजी की बहुलता के कारण इस गांव का नाम 'कांदुल' पड़ा। बढ़ई द्वारा निर्मित बैलगाड़ियों के चक्कों के लिए यह गांव प्रख्यात रहा। इस गांव की विशेषता यह भी रही कि-यहां कुएं बहुत मात्रा में थे। ब्यारे की अहातें पत्थरों से बने हुए हैं। दलहन - तिलहन के लिए यह गांव समृद्ध रहा। यहां ब्रिटिशकाल से विद्यालय संचालित रहा। सन 1962-63 में पुनर्निर्माण के पश्चात स्वामी मुक्तानंद द्वारा लोकार्पण किया गया। सर्वसमाजोत्थान को ध्यान में रखते हुए मृत्युभोज में कलेवा और मायन भोज के पश्चात बारातियों के साथ गांव वालों के लिए भोजन करना प्रतिबंधित है। रविवार और सोमवार को सारा गांव वर्ष भर सोमवारी और इतवारी त्योहार मनाता है। प्राचीन दंतेश्वरी कुंड आज दंतेश्वरी मंदिर त्रिताल (छीरसागर) के रूप में विद्यमान है। देश की सीमा सुरक्षा बल में इस गांव के 54 नौजवान सेवारत हैं। यहां के थरती पुत्र उकेश ठाकुर देश के नाम शहीद हुए। यहां की सांस्कृतिक धरोहर की कोई सानी नहीं है। सांस्कृतिक विरासत के रूप में ख्याति प्राप्त जस झांकी मंडली को प्रदर्सन के लिए दूर-दूर से आमंत्रित किए जाते हैं।



# प्राकृतिक सौंदर्य के स्थलों में शिव गंगा जलप्रपात




बस्तर अंचल में अनेक खूबसूरत वादियों की कमी नहीं हैं। आज भी अनेक झरने की खोज होती रहती है जो अत्यंत मनमोहक होते हैं। ऐसे ही मनमोहक सौंदर्य से भरपूर घने जंगलों के मध्य शिवगंगा जलप्रपात दो खंडों में स्थित है। यहां तक पहुंचने के लिए कोई रास्ता नहीं है। तीरथगढ़ जलप्रपात से शिवगंगा की दूरी लगभग 6 किमी है। यहां तक पहुंचने के लिए पर्यटकों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इस जलप्रपात का एक खंड 40 किमी तो दूसरे खंड की ऊंचाई लगभग फीट है। इस जलप्रपात के निकट ही शिवलिंग की स्थापना ग्रामीणों द्वारा की गई है, इसलिए जलप्रपात का नाम शिवगंगा रखा गया है। शासन के नक्शे में लेकर इस स्थल को संवारने की व्यवस्था की जा रही है ताकि पर्यटक इस सौंदर्य स्थलों का भी भ्रमण कर सकें। पर्यटकों को जानकारी होने पर इस स्थल का आनंद लेने अवश्य पहुंचते हैं। बरसात के मौसम में दृश्य मनमोहक होता है, लेकिन आवागमन की उचित साधन नहीं होने के कारण पर्यटन यहां पहुंच पाने में असमर्थ हो जाते हैं।

ऐतिहासिक

राजेश पाण्डेय

# मल्हार में कनकन कुंआ का महत्व



बिलासपुर अंचल में स्थित मल्हार का ऐतिहासिक, धार्मिक और पुरातात्विक महत्व है। इसी महत्व के स्थलों में मल्हार के मेला चौक के मध्य में एक विशाल कुंआ है, जिसे कनकन कुंआ के नाम से लोग जानते हैं। इसकी चौड़ाई का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि नीचे उतरने के लिए सीढ़ियां बनी हुई है। पहले मेले में दूर दूर से आए व्यापारियों तथा भक्त इस कुएं के पानी को पीने के लिए उपयोग में लाते थे। वर्तमान में भी इस कुएं का महत्व कम नहीं हुआ है। पातालेश्वर महादेव मंदिर के साथ ही आसपास के मंदिरों में पूजा पाठ के लिए इसी कुएं के जल का उपयोग किया जाता है। मान्यता है कि पूर्वज इस कुएं में कई पवित्र नदियों के जल को समाहित किए थे।

परब विशेष

डा. किरण नुरूटी

# देवों को मनाने के लिए पेन करसाड़ का आयोजन



पेन करसाड़ का आयोजन कब करना है इसके लिए उस देव के कुटुंब परिवार के लोग एकत्रित होकर बैठक करते हैं तथा करसाड़ की तिथि निर्धारित की जाती है, तत्पश्चात मुखिया द्वारा कार्यों का विभाजन किया जाता है।

बस्तर में पेन करसाड़ उत्सव का आरंभ प्रति वर्ष जनवरी माह के प्रथम सप्ताह से शुरू होता है और वर्षा ऋतु के आगमन के पूर्व तक चलता रहता है। आगामी फसल के लिए बीजारोपण से पहले यह वह अवसर है जब भरपूर फसल के लिए गांव के गोत्र देवता एवं कुल देवता से प्रार्थना की जाती है और हर प्रकार से संतुष्ट किया जाता है। इसके साथ ही यह उत्सव परिवार एवं सगा समाज के मिलन का अवसर होता है। पेन करसाड़ का आयोजन कब करना है इसके लिए उस देव के कुटुंब परिवार के लोग एकत्रित होकर बैठक करते हैं तथा करसाड़ की तिथि निर्धारित की जाती है, तत्पश्चात मुखिया द्वारा कार्यों का विभाजन किया जाता है। पेन करसाड़ के मुखिया को दक्षिण बस्तर में तलापोत कहा जाता है। करसाड़ मेले को सुचारू रूप से संचालन करने हेतु विभिन्न व्यक्तियों को अलग अलग जिम्मेदारी दी जाती है।



## ड्यूटी पर जाने निकला सीआरपीएफ जवान मृत

**रायपुर।** ड्यूटी पर जाने के लिए निकले सीआरपीएफ जवान की अचानक तबीयत बिगड़ने और बेहोश होकर गिरने के बाद अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना सिविल लाइंस थाना क्षेत्र की है। ओडिशा, गंजाम निवासी प्रधान संतोष कुमार, जो राजभवन स्थित सीआरपीएफ के एसडीजी ऑफिस सेंट्रल जोन में वाहन चालक है, रविवार को शाम 5 बजे ड्यूटी पर जाने निकला था, इसी दौरान जवान को कमर के निचले भाग में दर्द हुआ। उपचार के लिए आंबेडकर अस्पताल ले जाया गया। उपचार के दौरान जवान की मौत हो गई।

# बारनवापारा में मेहमान बाघ के वायरल वीडियो से वन अफसर हलाकान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी से सटे महासमुंद तथा बलौदाबाजार वनमंडल में पिछले एक माह से किसी दूसरे राज्य से आकर विचरण कर रहे बाघ के कथित तौर पर वायरल हो रहे वीडियो ने वन अफसरों को हलाकान कर दिया है। वायरल हो रहे वीडियो से बाघ की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं, जबकि वन विभाग के अफसर बाघ के विचरण क्षेत्र में सामान्य लोगों की आवाजाही पर सख्ती से रोक लगाने का दावा कर रहे हैं। बावजूद इसके बाघ के वायरल वीडियो से वन अफसर हलाकान तथा परेशान हैं।

गौरतलब है सात मार्च को महासमुंद वनमंडल में विचरण करते हुए दिखा बाघ 14 मार्च को बलौदाबाजार वनमंडल में पहुंच गया है। बाघ वर्तमान में बलौदाबाजार वनमंडल के वन विकास निगम के क्षेत्र में विचरण कर रहा है। शनिवार को कथित तौर पर वायरल वीडियो को बलौदाबाजार वनमंडल में विचरण कर रहे बाघ का बताया गया। इसके बाद वन अफसर वायकल वीडियो की पुष्टि करने में जुटे हैं। सूत्रों के मुताबिक पूर्व में ट्रैप कैमरे में कैद बाघ के फोटो तथा वायरल वीडियो में बाघ के धारियों का मिलान किया गया, तो धारियों का 80 से 90 प्रतिशत मिलान होने की बात सामने आई है। इस संबंध में वन अफसरों ने किसी तरह से अधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

### प्रे-बेस मिलने से राहत

पड़ोसी राज्य से भटक कर आए बाघ ने महासमुंद वनमंडल में दो पालतू मवेशियों का अब तक शिकार किया है। इसके बाद से बाघ द्वारा अब तक किसी अन्य पालतू मवेशी के शिकार करने की जानकारी नहीं मिली है। वन अफसरों के मुताबिक बाघ जिस क्षेत्र में विचरण कर रहा है, उसकी पूरी जानकारी उनके पास है। बाघ जिस क्षेत्र में विचरण कर रहा है, उस क्षेत्र में प्रे-बेस बेहतर होने की वजह से बाघ को पेट भरने शिकार के लिए पर्याप्त संख्या में वन्यजीव मिल रहे हैं। बाघ के पेट भरने बेहतर प्रे-बेस मिलने से वन अफसर राहत की सांस ले रहे हैं।



■ एंटी स्नेयर की टीम क्षेत्र में लगातार कर रही सर्चिंग, बाघ की सुरक्षा के लिए सात टीम लगाई गई

### दो दर्जन से ज्यादा स्थानों में जाल, फंदे की जब्ती

जानकारी के मुताबिक एंटी स्नेयर ऑपरेशन के दौरान महासमुंद तथा बलौदाबाजार वनमंडल क्षेत्र में वनकर्मियों तथा एनजीओ की टीम ने दो दर्जन से ज्यादा स्थानों पर वन्यजीवों के शिकार के लिए बिछाए गए तार के साथ जाल जब्त करने की कार्रवाई की है। वन अफसरों के मुताबिक बाघ की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एंटी स्नेयर ऑपरेशन लगातार जारी रहेगा।

### वीडियो वायरल होने के बाद सुरक्षा बढ़ाई गई

अज्ञात लोगों द्वारा बाघ का वीडियो वायरल करने के बाद बाघ की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। बलौदाबाजार वनमंडलाधिकारी मयंक अग्रवाल के मुताबिक बाघ की सुरक्षा के लिए सात टीमें बनाई गई है। साथ ही बाघ विचरण क्षेत्र में लोगों की आवाजाही रोकने अस्थायी चौकियां बनाई गई हैं।

### होली में जंगल जाने से रोका गया

होली में जंगली सुअर, चीतल तथा हिरण का शिकार करने वाले सक्रिय हो जाते हैं। इसके कारण बाघ की सुरक्षा खतरे में आ सकती थी। इस बात को ध्यान में रखते हुए बलौदाबाजार तथा महासमुंद वनमंडल के फील्ड में काम करने वाले वनकर्मियों के साथ अफसरों की छुट्टी कैंसिल कर दी गई और होली के दो दिन पहले लोगों के बारनवापारा वनक्षेत्र के अंदर आवाजाही करने पर रोक लगा दी गई।

### एनजीओ का एंटी स्नेयर ऑपरेशन

क्षेत्र में लोग बाघ को किसी तरह से नुकसान नहीं पहुंचाएं, इसके लिए बलौदाबाजार वनमंडल में नेवा नेचर वेलफेयर सोसाइटी तथा महासमुंद वनमंडल में वसुंधरा सोसाइटी फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर की मदद ली जा रही है। दोनों एनजीओ वनकर्मियों के साथ मिलकर जनजागरूकता अभियान चलाने के साथ एंटी स्नेयर ऑपरेशन चला रहे हैं।

बोर का पानी नहीं पीने की हिदायत, जांच के लिए एक और लैब, रोज 25 नमूनों की हो रही जांच

# धड़ाधड़ फेल हो रहे पानी के सैंपल, गांधीनगर में हैवी बैक्टीरिया, लभांडी में खतरा अब भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

**डायरिया फैलने के बाद निगम प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने उठाए जरूरी कदम**

हरिभूमि फॉलोअप

नगर निगम जोन 3 क्षेत्र के महात्मा गांधी वार्ड स्थित गांधी नगर बस्ती के चार अलग-अलग जगहों से बोरवेल के पानी सैंपल की जांच जल विभाग ने की। जांच रिपोर्ट सोमवार को जारी हुई, जिसमें चार सैंपल में हैवी बैक्टीरिया पाया गया। लोगों से संबंधित बोर का पानी केवल निस्तारी कार्य के उपयोग में लाने कहा गया है। इसके साथ ही जल विभाग ने लभांडी की आदर्श संकल्प सोसाइटी से पानी के सैंपल जांच के लिए भेजे गये। डायरिया फैलने के बाद निगम प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने कई ऐहतियाती कदम उठाए हैं, लेकिन खतरा यहां अभी भी बना हुआ है। यहां डायरिया से पीड़ित 100 से ज्यादा को अस्पताल ले जाया गया था।

दरअसल, राजधानी से लगे भनपुरी मुख्य मार्ग, प्रेमनगर, खमतराई बाजार सहित ब्राह्मणपारा के रायपुर टाइपिंग गली, पेंशनबाड़ा की चपरासी कॉलोनी के बोरवेल से लिए गए पानी सैंपल जांच में फेल होने के बाद अब जोन 3 की गांधी नगर बस्ती से लिये गये चार स्थानों के पानी सैंपल फेल हो गये। जांच के बाद इसमें हैवी बैक्टीरिया मिला है। महिला स्वसहायता समूह की महिलाओं ने गांधी नगर बस्ती में घर-घर जाकर महिलाओं को बोर के पानी को केवल निस्तारी कार्य के लिय उपयोग करने और पीने के काम में नहीं लाने का आव्हान किया।



### फिल्टर प्लांट के नए प्लांट से पानी सैंपल जांच शुरू

अमृत मिशन के तहत भाठागांव के फिल्टर प्लांट परिसर में नव निर्मित प्लांट से सोमवार को पानी सैंपल की जांच शुरू हुई। पहले दिन इस लैब में नगर निगम जोन 5 और जोन 7 क्षेत्र से एकत्र किये पानी के नमूने जांच के लिये लाये गये। इन नमूनों की जांच रिपोर्ट 72 घंटे बाद मिलेगी।

### इन जगहों के पानी सैंपल फेल

- लभांडी के आदर्श संकल्प सोसायटी फेज 2
- बमलेश्वर मंदिर कोटा
- तेलीबांधा शीतला मंदिर के सामने स्थित बोरवेल
- चंगोराभाठा बीएसयूपी कालोनी का पावरपंप
- जोगी बंगला पंप नंबर 1
- ब्राम्हणपारा वार्ड - रायपुर टाइपिंग गली
- भनपुरी मुख्य मार्ग स्थित पावर पंप
- वार्ड 4 प्रेमनगर बस्ती
- गांधी नगर के 4 जगहों के पानी सैंपल

### जोरा बस्ती में क्षतिग्रस्त पाइप लाइन, प्रदूषित जल का जमावड़ा



राजधानी रायपुर से लगे जोरा बस्ती में जगह-जगह पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण पानी टंकी से प्रदूषित जल जमा हो रहा है। विदित हो, डायरिया का संक्रमण जोरा से लगे लभांडी इलाके के आदर्श संकल्प सोसाइटी फेज 2 में होने से 100 से ज्यादा लोग प्रभावित हुये। अब जोरा में भी क्षतिग्रस्त पाइपलाइन से जगह-जगह लीकेज की समस्या होने से लोग परेशान हैं। रायपुर नगर निगम ने जिस कंपनी को पानी की क्षतिग्रस्त पाइप लाइन को सुधारने का जिम्मा दिया है, वह एजेंसी समय सीमा में लीकेज रोकने में चूक रही है। सूत्रों के मुताबिक अत्यधिक जल रिसाव से रिहाइशी इलाके में गंदगी पनप रही है, इसका दुष्प्रभाव जोरा से लगे साईं नगर तक पहुंचने लगा है। साईं दर्शन आवासीय समिति साईंनगर जोरा के पूर्व अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र कुमार सूर्यवंशी और उनकी सहयोगी टीम संबंधित विभागों से समन्वय बनाकर जन स्वास्थ्य के कार्यों में जुटी है।

# गर्मी के मौसम में बढ़ी 'मम्प्स' की शिकायत, बच्चों के लिए टीका केवल निजी अस्पतालों में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

गर्मी का मौसम आते ही मम्प्स नामक वायरल इन्फेक्शन लोगों की पीड़ा का कारण बनने लगा है। छत्तीसगढ़ में गलवा माता के नाम से पहचाने जाने वाले इस संक्रमण की रोकथाम के लिए टीका निजी अस्पतालों में उपलब्ध है, मगर सरकारी में इसकी सुविधा नहीं है। गलसुवा रोग का वायरल इन्फेक्शन तीन से चार दिन तक रहता है और गले और चेहरे के ग्रंथि को प्रभावित करता है। सूत्रों के मुताबिक मम्पस की समस्या छत्तीसगढ़ के साथ दिल्ली, राजस्थान सहित की राज्यों में सामने आ रही है। छोटे-बड़े अस्पतालों में रोजाना इसके चार से पांच मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। चिकित्सकों के अनुसार यह समस्या पैरामिक्सोवायरस की वजह से होती है। इससे चेहरे और गले के बीच की तंत्रिका में सूजन आ जाती है और इससे दर्द के साथ बुखार जैसी समस्या भी होती है। चिकित्सकों के अनुसार सामान्यतः यह संक्रमण तीन से चार दिन में सामान्य दवाओं के उपयोग से खत्म हो जाता है, लेकिन कई बार यह दिल, दिमाग को भी प्रभावित करता है। राजधानी में भी इसकी शिकायत काफी बढ़ी हुई है और सरकारी के साथ निजी अस्पतालों में इसके मरीज पहुंच रहे हैं। चिकित्सकों के अनुसार बचपन में निजी अस्पतालों में एमएमआर के टीके लगाए जाते हैं, जिसमें मीजल्स, मम्प्स, रूबेला की रोकथाम के लिए दवा शामिल होती है।

जबकि शासकीय अस्पताल में एमआर के टीके लगाए जाते हैं, जो केवल मीजल्स और रूबेला संक्रमण की रोकथाम की वैक्सीन होती है। चिकित्सकों के अनुसार यह संक्रमण एक से दूसरे तक फैलता है इसलिए लोगों साफ-सफाई के साथ संक्रमित लोगों से दूरी बनाए रखना जरूरी होता है।

### डिहाइडेशन की शिकायतें भी

पिछले तीन चार दिनों से तापमान चालीस डिग्री के आसपास होने की वजह से लोगों को डिहाइड्रेशन की शिकायत भी बढ़ने लगी है। चिकित्सकों के पास ऐसे मरीज भी पहुंचने लगे हैं जो गर्मी की वजह से लू जैसी शिकायत बता रहे हैं। ऐसे लोगों को सामान्य दवा के साथ सावधानी बरतने की सलाह भी दी जा रही है।



### डायरिया के मरीज ज्यादा

*चिकित्सकों के अनुसार अस्पतालों में डायरिया और गैसट्रिक समस्या लेकर भी मरीज रोजाना पहुंच रहे हैं। ऐसे मरीजों को खानपान से संबंधित सावधानी बरतने की हिदायत दी जा रही है। चिकित्सकों के अनुसार बढ़ती गर्मी में चिकनपॉक्स की शिकायतें भी आती है, इसलिए तेज धूप के सीधे संपर्क में आने से बचाव तथा ठंडे एवं पेययुक्त खानपान का अधिक उपयोग करने की सलाह दी जाती है।*

### बन चुकी विवाद की स्थिति

*सूत्रों के अनुसार जब एमएमआर और एमआर के टीकों का उपयोग शुरू किया गया था। इस दौरान सरकारी अस्पतालों में भी मम्प्स की रोकथाम वाले वैक्सीन का उपयोग करने की सलाह चिकित्सकों के द्वारा दी गई थी, मगर ऐसा नहीं हुआ और विवाद की स्थिति बन गई थी। चिकित्सकों का कहना है कि नौ माह से डेढ़ साल की आयु में यह टीका लगाया जाता है।*

### शिकायत बढ़ी हुई

गलसुवा अथवा मम्प्स वायरस की शिकायत बढ़ी हुई है। सामान्यत: समस्या तीन से चार दिनों में ठीक हो जाती है। इसके अलावा अन्य तरह की मौसमी बीमारी के मरीज भी इलाज के लिए पहुंच रहे हैं।

- डा. निलय मोझरकर, शिशुरोग चिकित्सक

## राशिफल

**मेष** — वाणी में कठोरता के भाव रहेगा, संचित धन में कमी आ सकती है। प्रतियोगी परीक्षा व साक्षात्कार आदि कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**वृष** — धैर्यशीलता में कमी आ सकती है, अपनी भावनाओं को वश में रखें। पारिवारिक जम्मिेदारियां बढ़ सकती हैं। नौकरी में तरक्की के योग बन रहे हैं।

**मिथुन** — माता से धन की प्राप्ती हो सकती है। कला व संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी, आय में वृद्धि होगी।

**कर्क** — आत्मवश्विास में वृद्धि होगी, कुटुंब परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। उच्च शिक्षा एवं शोध आदि कार्यों के लिए विदेश प्रवास की संभावना बन रही है।

**सिंह** — पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे, संतान सुख में वृद्धि होगी। आय में कमी व खर्चों में वृद्धि की स्थिति हो सकती है।

**कन्या** — स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है, परंतु आत्मवश्विास में वृद्धि होगी। कार्यों के प्रति जोश व उत्साह रहेगा।पारिवारिक जम्मिेदारियां बढ़ सकती हैं।

**तुला** — वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों आदि की ओर रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** — शैक्षिक व बौद्धिक कार्यों से यश व मान–सम्मान में वृद्धि होगी। जीवन साथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। राजनैतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी।

**धनु** — कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी, संतान को कष्ट रहेगा। आत्मवश्विास में वृद्धि होगी। कला व संगीत के प्रति रूझान बढ़ेगा।

**मकर** — कार्यक्षेत्र में परिवर्तन संभव है, संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। वस्त्रों व गहनों के प्रति रूझान रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कुंभ** — कुटुंब की किसी महिला से धन प्राप्ती के योग बन रहे हैं, भाइयों के साथ मनमुटाव हो सकता है। बातचीत में संयत रहें, वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे।

**मीन** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी, किसी मत्रि के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में मान–सम्मान बढ़ेगा।

# जगदलपुर-रायपुर के बीच इंडिगो की पहली उड़ान से 32 यात्री पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रविवार को हैदराबाद-जगदलपुर के बीच संचालित होने वाली इंडिगो की फ्लाइट सोमवार को रायपुर पहुंची। इस पहली फ्लाइट में 32 यात्री सवार होकर रायपुर पहुंचे और वापसी के दौरान 30 लोगों ने अपनी यात्रा पूरी की। यह फ्लाइट सप्ताह में चार दिन रायपुर और जगदलपुर के बीच आवाजाही करेगी।

समर शेड्यूल के दौरान रायपुर एयरपोर्ट के लिए यह एकमात्र नई उड़ान है। यह फ्लाइट अपने निर्धारित समय 1.50 बजे रायपुर पहुंची। इसमें सवार 32 यात्री



रायपुर का सफर पूरा कर रहे थे। बीस मिनट स्टापेज के बाद फ्लाइट दोपहर 2.10 बजे पुनः जगदलपुर के लिए टेकऑफ हुई। इसमें 30 यात्री सवार थे, जो एक घंटे के भीतर जगदलपुर पहुंचे। इनमें से कुछ यात्रियों का गंतव्य अगला स्टेशन था।

# सात मार्गों की बिजली अंडरग्राउंड स्ट्रीट लैंप लगने के बाद हटेंगे खंबे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

शहर की सात प्रमुख सड़कों की बिजली व्यवस्था को अंडरग्राउंड करने की जिम्मेदारी बिजली महकमे ने पूरी की है। अब डिवाइडर के बीच स्ट्रीट लैंप लगाने का काम स्मार्ट सिटी को करना है। इसमें विलंब होने से अब तक मालवीय रोड को ही केबल मुक्त करने का काम स्मार्ट सिटी ने एजेंसी से पूरा करवाया है। स्टीट लैंप लगने और केबल लाइन का काम पूरा होने के बाद ही पुराने बिजली खंभे हटेंगे।

राजधानी के बाजारों से जुड़े सात मार्गों का बिजली सिस्टम अंडरग्राउंड करने का काम पूरा करने के बाद भी बिजली खंभे पुरानी जगह पर ही जमे हुए हैं। इसकी वजह जांचने पर पता चला कि बिजली कंपनी को जिन मार्गों की बिजली को




अंडरग्राउंड करने के लिए स्मार्ट सिटी से करीब 39 करोड़ का फंड मिला, उसे पूरा करके दे दिया है। कंपनी के सामने बड़ी चुनौती यह है कि अभी तक स्मार्ट सिटी ने तय मार्गों को रोशन करने के लिए स्ट्रीट लैंप लगाने का काम पूरा नहीं किया है। इससे पुराने खंभे हटाने में विलंब होने वाला है। इससे अंडरग्राउंड केबलिंग के बाद भी मालवीय रोड को छोड़ कर बाकी के आधा दर्जन मार्गों के आसपास और डिवाइडर के बीच लगे खंभे नहीं हटा पाए हैं।

**आगजनी से मिलेगी राहत**

बाजारों व मुख्य मार्गों के आस-पास दुकानों व मकानों के सामने बिजली खंभों में गुथे हुए आपरेटर्स के केबल से राहत के लिए एजेंसी ने काम शुरू किया है। वहीं पुरानी बिजली व्यवस्था में लगे खंभे में शार्ट सर्किट होने से लोगों को होने वाले नुकसान से भी छुटकारा मिलेगा। इसमें बचे हुए काम को स्मार्ट सिटी को करना है, इस वजह से लोगों को केबल मुक्त बाजार की सुविधा के लिए कुछ महीने इंतजार करना पड़ेगा, क्योंकि प्रोसेस में विलंब होना भी तय है।


## शब्द पहेली - 5470



**बाएँ से दाए**
1. धरोहर, थाती-4
5. अकबर के नवरत्नों में से एक-4
8. गुणगान-3
9. प्रेम (अंग्रेजी-2)
11. भरोसा, विश्वास-3
12. दुःख, परेशानी, कष्ट-4
14. हिंदू कैलेंडर में एक माह-2
15. गागर, घड़ा-3
17. जांघ-2
19. असावधान-5
22. करतूत, होशियारी-5
25. डूबा हुआ, समाप्त-2
26. तीक्ष्ण, तेज-3
27. अधर्म, अपकृत्य-2
28. मनमौजी, चंचल-4
30. हत्या, वध-3
31. पंख-2
33. मायका-3
35. व्यापार, व्यवसाय (उर्दू-4)
36. कृपा, रहम (उर्दू-4)

**ऊपर से नीचे**
2. फूलों का हार-2
3. वेश्या, कोठे पर नाचनेवाली-4
4. शांति, सुख-चैन-3,2
5. अस्वस्थ, मरीज-3
6. दम, ताकत-2
7. भगवान राम के पुत्र-2,2
10. उन्मत, मदमस्त-4
13. दिलीप कुमार व वैजयंती माला की फिल्म (3)
16. बोलने का तरीका-3
17. रास्ता-2
18. पराया-2
20. परीक्षा-3
21. वचन-2
22. खेती-2
23. अभिमान-3
24. फिल्म 'मैंने प्यार किया' मैं सलमान खान की मां-2,2
25. बलपूर्वक उठा ले जाना-5
26. ईश्वर, राजा-4
28. मन को अच्छा लगने वाला-4
29. शाप से पीड़ित-3
32. अवकाश, मंजूरी-2
34. संध्या-2

**शब्द पहेली- 5469 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5481

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | | 9 | 6 | | |
| | | | | | | 1 | 4 | |
| | | | 2 | 8 | | | | |
| | | | 8 | | | | 5 | 2 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| 1 | 4 | | | | 3 | | | |
| | | | | 4 | 1 | | | |
| | 2 | 5 | | | | | | |
| | | 3 | 7 | | | | | 4 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5480 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |

**सिंधी साहिती की बैठक, 10 को मनाएंगे चेट्रीचंड्र पर्व : रायपुर।** सिंधी साहिती बिरादरी मंडल की कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक हुई। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने चेट्रीचंड्र पर्व 10 अप्रैल को शानदार तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया।

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**

**विवाह सूचना का प्रकाशन**

क्रमांक क/ /वाचक/ अति-कले/2024,
बिलासपुर, दिनांक 28.03.2024

श्री रितेश दास आत्मज श्री राजेन्द्र कुमार दास उम्र 36 वर्ष निवासी महानती विद्यालय के पास शिवमार्ग उषा टावर मंदिर के बगल में ओम नगर जरहाभाठा बिलासपुर थाना सिविल लाईन तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. एवं कुमारी निलिमा सिदार राव उम्र 37 वर्ष आत्मजा श्री राम सिंह सिदार निवासी राम सिंह सिदार हाउस नंबर 175/ए सेक्टर 5 बालको नगर थाना आईटीआई रामपुर तहसील व जिला कोरबा छ.ग.

द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अत: प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में दिनाँक 16.05.2024 को प्रात: 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।



रितेश दास



कुमारी निलिमा सिदार

विवाह अधिकारी
जिला- बिलासपुर (छ.ग.)

# माइनिंग घोटाला मामले में ईओडब्लू रानू, सौम्या से करेगी पूछताछ

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

शराब, माइनिंग घोटाले के साथ महादेव सट्टा एप मामले में शामिल जेल में बंद सात आरोपियों से 29 मार्च से एक अप्रैल तक पूछताछ करने के बाद ईओडब्लू की टीम माइनिंग घोटाला को लेकर निलंबित आईएएस रानू साहू तथा राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसर सौम्या चौरसिया से पूछताछ करेगी। दोनों अफसरों से जेल में पूछताछ करने ईओडब्लू के अफसरों ने कोर्ट में आवेदन पेश किया है। ईओडब्लू के आवेदन पर कोर्ट ने दोनों आरोपियों से पूछताछ करने तीन दिन का समय दिया है।

**खास बातें**

- कोर्ट ने दोनों से चार, पांच, सात अप्रैल को पूछताछ करने अनुमति प्रदान की
- शराब, माइनिंग घोटाला मामले में ईओडब्लू ने कई लोगों को पूछताछ करने नोटिस जारी किया

गौरतलब है कि माइनिंग के साथ शराब तथा महादेव सट्टा एप मामले में ईडी की जांच चल रही है। पद के दुरुपयोग तथा भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच करने ईडी के प्रतिवेदन पर राज्य सरकार ने मामले की जांच ईओडब्लू तथा एसीबी को सौंपी है। इसके बाद ईओडब्लू इन तीनों मामलों में अलग-अलग अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। इसी कड़ी में ईओडब्लू ने इन तीनों मामलों में जेल में बंद सात आरोरपियों से अलग-अलग पूछताछ की है। जेल में बंद आरोपियों से पूछताछ के आधार पर ईओडब्लू के अफसर अब रानू साहू तथा सौम्या साहू से पूछताछ करेंगे।

महादेव सट्टा को लेकर हिमाचल में एफआईआर

महादेव सट्टा एप मामले में हिमाचल कनेक्शन सामने आया है। कांगड़, धर्मशाला पुलिस ने महादेव सट्टा एप मामले में कुछ लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों से पूछताछ में महादेव सट्टा एप मामले में जेल में बंद नीतीश दीवान का नाम सामने आया है।

नीतीश का नाम सामने आने के बाद धर्मशाला पुलिस ने नीतीश को रिमांड पर ले जाने मंगलवार को ईडी के विशेष न्यायालय में आवेदन पेश किया।

## रिमांड को लेकर आज सुनवाई

धर्मशाला पुलिस द्वारा पेश आवेदन पर कोर्ट में सुनवाई बुधवार को होगी। इसकी वजह कोर्ट में ईडी के वकील का पेश नहीं हो पाना है। नीतीश को रिमांड पर हिमाचल ले जाने को लेकर ईडी के वकील कोर्ट में अपना पक्ष रखेंगे। इसके बाद कोर्ट इस पर फैसला सुनाएगी। जानकारी के मुताबिक हिमाचल में छत्तीसगढ़ की तर्ज पर बैंक में सौ से ज्यादा फेक अकाउंट खुलवाए गए हैं। साथ ही नीतीश वहां सट्टा संचालित करने पैनल आईडी बांटने का काम करता था।

# रवि बने सोनकर समाज अध्यक्ष, सुरेंद्र सचिव

**रायपुर।** सोनकर समाज भाठागांव राज के अध्यक्ष युवा नेता रवि सोनकर को बनाया गया। इसके अलावा भाठागांव सोनकर समाज का वरिष्ठ उपाध्यक्ष अंजोरीराम सोनकर को चुना गया, सचिव सुरेंद्र सोनकर, कोषाध्यक्ष कृष्ण सोनकर, अंकेक्षक छबिलाल सोनकर, उपसचिव दीपक सोनकर, कनिष्ठ उपाध्यक्ष कमल नारायण, नरेंद्र सोनकर और तोरण सोनकर को बनाया गया। इस दौरान भारी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे। इसी दौरान समाज के अध्यक्ष रवि सोनकर ने कहा कि हमारे समाज की प्रेरणा बिन्नीबाई सोनकर की आदमकद प्रतिमा स्थापित करने की मांग शासन से की है। साथ ही वे भाठागांव नवदुर्गा उत्सव समिति के अध्यक्ष भी हैं।

# अनुकंपा नियुक्ति विधवा पेंशनरों को अब सेवा व परिवार पेंशन दोनों में मिलेगा डीए

रायपुर। छत्तीसगढ़ संचालनालय पेंशन एवं भविष्य निधि के आदेश पर वरिष्ठ जिला कोषालय अधिकारी ने संबंधित बैंकों को निर्देश जारी किया है कि अब छत्तीसगढ़ राज्य में अनुकंपा नियुक्ति प्राप्त महिलाओं को पति के परिवार पेंशन तथा पति के निधन के बाद अनुकंपा नियुक्ति पत्नी को सेवा पेंशन दोनों पेंशन में महंगाई भत्ता की पात्रता होगी।

संचालनालय पेंशन एवं भविष्य निधि छत्तीसगढ़ के आदेश के तहत प्रदेश के सभी जिला कोषालय अधिकारियों द्वारा सभी 9 अधिकृत बैंकों को जहां से पेंशन का भुगतान होता है, इसके आदेश जारी कर दिए गए हैं। अब स्वयं की पेंशन व दिवंगत पति की परिवार पेंशन दोनों में महंगाई भत्ता की पात्रता होगी। ऐसी महिला जो अनुकंपा नियुक्ति के बाद सेवानिवृत हो गई हैं, उन्हें पति की पेंशन व स्वयं की पेंशन अर्थात सेवा पेंशन एवं परिवार पेंशन दोनों में महंगाई भत्ता की पात्रता होगी। संचालनालय पेंशन एवं भविष्य निधि छत्तीसगढ़ तथा जिला कोषालय अधिकारियों के आदेश सभी बैंकों में प्रेषित किए जाने के फलस्वरूप मार्च की पेंशन जो अप्रैल में प्राप्त होगी, उसमें बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता के साथ पेंशनरों को इसका लाभ मिलेगा।

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
अष्टविनायक हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

JHAIGO झाईगो 5+1 Cream
चेहरे को दागों से मुक्त कर सुंदरता बढ़ाये...
तो फिर क्या.. बस इस बार झाईगो क्रीम उपयोग कर देंखें।
क्या आपके... चेहरे पर झाईयां है? आंखो पर काले घेरे हैं?
चेहरे पर मुहाँसे के काले निशान हैं? या जले या चोट के निशान हैं?
वैदेही तुलसी कफ सीरप
नई एवं पुरानी खांसी, एलर्जी खांसी, श्वास, निमोनिया, कुकुरखांसी, टान्सिल, ब्रानकाटिस, सर्दी आदि में तेज असर कारक
2 वर्ष से बड़े बच्चों के लिए हानिरहित कफ सिरप
HMS देखकर खरीदें एक बार उपयोग कर देखें 94060-21769

epaper- www.haribhoomi.com

# हरिभूमि Classified

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी

Contact For Advertisement Booking

Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur

Mo- 9826782100

Email- hbclassified375@gmail.com

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है-** टेन्ट हाउस में काम करने के लिए लड़कों एवं ड्राइवर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 9981340007 **(33554)**

**आवश्यकता है-** बच्चे की देखभाल हेतु महिला कर्मी की आवश्यकता है समय- सुबह 10 बजे से शाम 8 बजे तक पता- शिव मंदिर के पास, अज्ञेय नगर, बिलासपुर सम्पर्क करें- 9039339113, 9425899221 **(33550)**

**आवश्यकता है-** सेनेटरी वेयर होलसेल दुकान में काम करने के लिए लड़को और ऑटो चलाने के लिए लड़को की आवश्यकता है। पता- औद्योगिक क्षेत्र सिरगिट्टी बिलासपुर सम्पर्क करें- 9300070404 **(33545)**

**आवश्यकता है-** प्री-प्राइमरी, मिडिल अंग्रेजी माध्यम सभी सब्जेक्ट्स पढ़ाने टीचर्स एवं ऑफिस स्टॉफ चाहिए वेतन 6000/- समय प्रातः 8बजे से 2बजे तक पता- पंचवटी हायर सेकेंडरी स्कूल समीप पुराना हाईकोर्ट, बिलासपुर 9752583075 **(33555)**

**आवश्यकता है-** कम्प्यूटर ऑपरेटर (हिन्दी, इंग्लिश टाइपिंग, ऑनलाइन टेन्डर संबंधी कार्य का 2वर्ष अनुभवी) सुरक्षागार्ड, खाना बनाने वाली चाहिए। पता- एक्सपर्ट सिक्युरिटी सर्विस, जेजे हॉस्पिटल के बाजू तोरवा बिलासपुर 9301186703, 8253010291, 8815151982 **(33546)**

**Required-** Maths Background Teacher Required to teach English Medium Classes 4th to 8th. Coaching Centre at Rajkishor Nagar bilaspur. Time 4 to 8:30pm Salary 5000-7000 Monthly. Watsapp your Resume 8839746460 **(33547)**

**आवश्यकता है-** युवक, युवतियां (लड़कियां) चाहिए रिसेप्शनिस्ट, वेब डिजाइनर, टेक्नीशियन, ऑफिस गर्ल, केयर टेकर, चपरासी सहित 50पदों पर तत्काल नियुक्ति, गर्ल्स हेतु पार्ट टाइम काम भी वेतन 15000 अन्य सुविधाएं सम्पर्क- 9893076853 **(33548)**

**आवश्यकता है-** ज्वेलरी शोरूम मे कार्य करने हेतु लडकियों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- हॉटल अजीत के बगल में, तेलीपारा, बिलासपुर (छ.ग.) 9827170615 **(33515)**

**आवश्यकता है-** इंदौर में ऑफिस कार्य हेतु 18 से 30वर्ष, 10वीं 12वीं, ग्रेजुएट अविवाहित लड़के चाहिए। वेतन 10000+ रहना फ्री+ कमीशन+ बोनस+ गाड़ी किराया+ कोई शुल्क नहीं लगेगा सम्पर्क करें- 7415455110, 7898882634 **(33543)**

**आवश्यकता है-** दवा दुकान में काम करने हेतु अनुभवी लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- शूभ्रा मेडिकल स्टोर्स सीपत चौक सरकण्डा बिलासपुर 9522233336 **(33552)**

**आवश्यकता है-** सफाई हेतु विधवा, बेसहारा महिला वेतन 4000 आवास फ्री आयु 45वर्ष से कम एवं स्कूल कैटिंन चलाने हेतु सक्षम पार्टी चाहिए पता अरोरा सर पंचवटी स्कूल, राजकिशोर नगर बिलासपुर 9340347654 **(33553)**

**आवश्यकता है-** होलसेल दवाई दुकान में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़के / लड़कियों की आवश्यकता है संपर्क करे- कमल मेडिकल एजेंसी तेलीपारा बिलासपुर 8319926943, 932987785 **(33551)**

**आवश्यकता है-** ट्रांसपोर्ट ऑफिस में कार्य करने हेतु युवक की आवश्यकता है योग्यता स्नातक, हिन्दी राइटिंग अच्छी हो सम्पर्क करें- गौरव ट्रांसपोर्ट, ट्रांसपोर्ट नगर, बिलासपुर 9300310032 **(0004)**

**आवश्यकता है-** कानपुर झांसी में ऑफिस कार्य हेतु 10वी 12वीं पास लड़के चाहिए सैलरी 10000+ कमीशन+ बोनस+ रेल किराया आवास फ्री ट्रेनिंग पश्चात कमाए 15000 से 20000 सम्पर्क बिलासपुर 8770508791, 7225815090, 6266578863 **(33512)**

**आवश्यकता है-बिलासपुर जांजगीर, रायगढ़ जिलों में सुरक्षा गार्ड, सुपरवाईजर, ड्राईवर की आवश्यकता है पीएफ,ईएसआई, मेडिकल आवास सुविधा फ्री सम्पर्क करें- सिद्धी विनायक सिक्यूरिटी राजेंद्र नगर बिलासपुर 9300803366, 9109930584 (33435)**

**आवश्यकता है-** गार्ड, सुपरवाइजर नोवा प्लांट दगौरी बिल्हा, रायपुर, भूपदेवपुर, रायगढ़, (10000- 15000 रहना, खाना फ्री) (लोकल बिलासपुर 9000- 12000) पता एक्समैन सिक्युरिटी सर्विस, वैशाली टावर, हेमू नगर बिलासपुर 9754713125 9131822216, 8889997822 **(33525)**

**आवश्यकता है-** रिसेप्शन, डिलीवरी बॉय-2, चाइनीज शैफ-1, तन्दूर शैफ-1 एवं बाई की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- 9329233000 **(33529)**

**आवश्यकता है-** रजिस्ट्री ऑफिस के पास पुरानी कम्पोजिट बिल्डिंग में दस्तावेज लेखक के आफिस में कार्य करने एमएस वर्ड का जानकार हिंदी टायपिस्ट कम्प्यूटर आपरेटर की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- 8103136664, 8839111189 **(33533)**

**आवश्यकता है-** कार ड्राइवर स्कॉर्पियो, एंडेवर गाड़ी चलाने वाला लाइसेंस हो और यहीं पर रहकर कार्य करने वाला की आवश्यकता है सम्पर्क करें- गुरुद्वारा के बाजू में,गोड़पारा बिलासपुर 9669211111, 9827175811 **(33537)**

**आवश्यकता है-** प्रतिष्ठित कंस्ट्रक्शन कंपनी में चाय पानी साफ सफाई के लिए युवक एवं युवती की आवश्यकता है सम्पर्क करें- अनुमेष कंस्ट्रक्शन तोरवा पेट्रोल पम्प के पास बिलासपुर 9039190256 **(33549)**

**आवश्यकता है-** कॉमर्स, विज्ञान, आर्ट्स पढ़ाने हेतु टीचर्स, आफिस में सफाई हेतु लड़का/ लड़की चाहिए वेतन योग्यता अनुसार। पता- नेशनल ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूट मध्यनगरी चौक बिलासपुर प्रकाशन कॉम्प्लेक्स बिलासपुर 9827156005, 8770068557 **(33542)**

**आवश्यकता है-** रियल इस्टेट में अम्बे कंस्ट्रक्शन में लड़की & लड़के की आवश्यकता है 7000 सैलरी+ कमीशन सम्पर्क करें- मोपका राहुल ढाबा रोड राजकिशोर नगर बिलासपुर 7987236607 **(33535)**

**आवश्यकता है-** चुस्की चाय में पैकिंग कार्य हेतु लेडिस/ लड़कियों की और लेबर कार्य हेतु पुरुष की जरूरत है। संपर्क करें- एसबीआई एटीएम के सामने आकृति विहार अम्लीडीह रायपुर 7469980000, 07714075490 **(2624)**

**आवश्यकता है-** अकाउंटिंग हेतु एक लड़का चाहिए सम्पर्क करें 7999852209 एवं हमाली हेतु लड़के चाहिए वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें 6265849168 पता- श्री शारदा इंटरप्राइजेज सिटी कोतवाली के पास तेलीपारा रोड बिलासपुर **(33526)**

**आवश्यकता है-** पेंट्स दुकान में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें रंग महल पेंट्स, जरहाभाटा रायपुर रोड, बिलासपुर 9826412398 **(33510)**

**आवश्यकता है-** आफिस कार्य टेलीकॉलिंग हेतु लड़कियों, महिलाओं की आवश्यकता है योग्यता 12वीं, ग्रेजुएट सैलरी 10000 से 15000 सम्पर्क करें- नेहरू नगर स्मार्ट रोड नियर सेवा टीवी सेन्टर गणेश चौक बिलासपुर 7049274510 **(33513)**

**आवश्यकता है-** माली (फार्म हाउस में रहने हेतु) कम्प्यूटर आपरेटर (बिजी आपरेटर) एक ऑफिस स्टाफ जो फैमिली के साथ हो (रहने की सुविधा उपलब्ध है) संपर्क करें 07752417059, 9039304724 **(33523)**

**आवश्यकता है-** इलेक्ट्रीकल दुकान में सामान निकालने, जमाने के लिए दो युवकों की आवश्यकता है वेतन 8000 से 12000 सम्पर्क करें- नटराज इलेक्ट्रीकल्स, स्टेट बैंक के बाजू में, नया सरकंडा बिलासपुर 9098195247 **(33527)**

**आवश्यकता है-** राजनांदगांव के पास मछली फार्म में रहकर काम करने के लिए परिवार वाले लेबरों की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- 9770261337 **(6056)**

**आवश्यकता है-** सुपर बाजार में हेल्पर लड़के, लड़की एवं कम्प्युटर हेतु लड़की चाहिए (Busy, Telly अनुभवी) बायोडाटा सहित सम्पर्क करे- अपना सुपर बाजार, SBI ATM के पास रिंग रोड No-2 बिलासपुर 7470592624 **(33506)**

**आवश्यकता है-** रायपुर लिमिटेड कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड, सुपरवाइजर हेतु हाईट 5फीट 6इंच, 4फोटो, आधार कार्ड सहित मिले रहना, खाना फ्री वेतन 10000 से 15000 मो.- 8109070600, 7869230888 **(2628)**

**आवश्यकता है-** तत्काल सिक्योरिटी गार्ड, सुपरवाइजर (केवल अनुभवी) की आवश्यकता है बिलासपुर में। वेतन योग्यता अनुसार तत्काल सम्पर्क करें- ए1 जीत सिक्युरिटीज प्राइवेट लिमिटेड, सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक, बिलासपुर 8319001366, 9165931618 **(33528)**

**आवश्यकता है-** एक साल के बच्चे को संभालने हेतु लड़की या महिला चाहिए सुबह 10 से शाम 8बजे। तन्खा 7500 पता- संजय अपार्टमेंट ICICI बैंक के सामने, व्यापार विहार रोड, बिलासपुर 9179001420 **(33508)**

**आवश्यकता है-** दोसा दुकान में कार्य करने हेतु लड़के/ लड़कियों, मिस्त्री एवं सप्लायर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- साउथ इंडियन दोसा 36 मॉल के सामने बिलासपुर 9300518958 **(33509)**

**आवश्यकता है-** कम्प्यूटर इंस्टीट्यूट में पढाने हेतु अनुभवी आकर्षक व्यक्तित्व के शिक्षक, शिक्षिका एवं काउन्सलर चाहिए जिनकी आयु 25 से 30वर्ष हो। अनुभवी को प्राथमिकता वेतन 10000 से 20000 सम्पर्क करें- 9755782536 **(33519)**

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु 18 से 35वर्ष की लड़कियां, महिलाएं चाहिए योग्यता फ्रेशर, कम पढ़ी लिखी भी चलेगी सैलरी 5000 से 20000 कमाने का अवसर सम्पर्क करें- व्यापार विहार बिलासपुर 7470328986 **(33514)**

**आवश्यकता है-** नेचुरल्स (Naturals) में काम करने के लिए कम्प्यूटर आपरेटर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- बजरंग चौक राजकिशोर नगर (यश सुपर बाजार) बिलासपुर 9329941444, 8965999509 **(33502)**

**आवश्यकता है-** ऑल छत्तीसगढ़ ऑफिस कार्य, वेल्डर, कटर, फिटर, हेल्पर, इलेक्ट्रीशियन, कंप्यूटर ऑपरेटर, ड्राइवर, चपरासी, गार्ड, स्टोर कीपर, सुपरवाइजर, इंजीनियर, सभी 5वीं से ग्रेजुएट वेतन 12000- 40000/- परमानेंट कंपनी हेतु मेडिकल+ रहना फ्री व्यापार विहार बिलासपुर 9111965184 **(2610)**

**आवश्यकता है-** साड़ी/ रेडिमेड दुकान में कार्य हेतु अनुभवी लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- शिव क्लाथ स्टोर, बिलासा चौक के पास, शनिचरी बाजार बिलासपुर 9827916580, 9827887934 **(33457)**

**आवश्यकता है-** बिल एवं अकाउंट, सेल्स मार्केटिंग कम्प्यूटर ऑपरेटर और स्टोर रूम कार्य हेतु अनुभवी लड़कों, लड़कियां चाहिए वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- आरके फर्निटेक जोंकी लोखंडी फाटक के पास, बिलासपुर 9098909757 **(33403)**

**आवश्यकता है-** मैनेजर की आवश्यकता है आयु 30 से ऊपर योग्य नशा मुक्त व्यक्ति ही स्वयं आकर ओरिजनल आईडी एवं बायोडाटा के साथ मिले प्रबंधक अग्रवाल लॉज गोल बाजार बिलासपुर 9406390898 **(33223)**

**आवश्यकता है-** रायपुर में 18 चक्का ट्रेलर एवं 16 चक्का हाईवा एव लोडर चलाने के लिए बाहर के ड्राइवर की आवश्यकता है (कृपया पीने वाले सम्पर्क ना करें) सम्पर्क करें- 9993714953, 8839375073, 9644260856 **(2623)**

**आवश्यकता है-** कार शोरूम बिलासपुर में इच्छुक गार्ड कार्य करने हेतु गार्ड की आवश्यकता है जिनकी उम्र 35 से 50 के बीच हो सम्पर्क करें- 9981630084 **(2622)**

**आवश्यकता है-** खेती बाड़ी में कार्य करने हेतु फैमिली वाले की आवश्यकता है, जो वहाँ रहकर खेती का कार्य कर सके, रहने की सर्वसुविधा है। दोनों मिलाकर तनख्वाह 12000 सम्पर्क करें- 9754293974 **(33465)**

**आवश्यकता है-** हेल्थ सेक्टर में करियर बनाएं 8/10/12वीं फेल लड़कों/ लड़कियों ना हो निराश मेडि हब्स होम हेल्थ केयर से जुडकर कमाएं 8000 से 25000 प्रतिमाह+ रहना फ्री रजिस्ट्रेशन हेतु सम्पर्क करें- ऑफिस रायपुर 77720111224 **(3919)**

**आवश्यकता है-** तत्काल भर्ती सुरक्षागार्ड-15, सुपरवाईजर-2 वेतन- 7500 से 9500 अनुभव अनुसार। आवास फ्री। सम्पर्क- NSG, राजू सर्विस सेंटर के बगल, शंकर नगर (हेमू नगर के पहले) बिलासपुर 07752464611, 9111000881, 9303280228, 9303598122 **(33448)**

## उपलब्ध

**उपलब्ध-** जर्मन शेफर्ड नस्ल के कुत्ते के बच्चे उपलब्ध है इच्छुक खरीददार संपर्क करें पता ब्रिलिएण्ट पब्लिक स्कूल बहतराई बिलासपुर मो. 9179281177 **(33501)**

## बेचना

**बेचना है-** 650/- वर्गफुट में बिलासपुर सीपत मेन रोड पर व्यवसायिक 1200 वर्गफुट के 8 प्लॉट एक साथ/ टुकड़े में। 50% देकर रजिस्ट्री करवाएं बाकी 50% 2साल में किस्तो चुकाएं सम्पर्क 7697558000 **(33511)**

**बेचना है-** बिलासपुर मंगला धुरीपारा Govt इंग्लिश मीडियम स्कूल के पास मेनरोड से आधा किमी की दूरी पर सर्वसुविधायुक्त 3बीएचके डुप्लेक्स मकान 26लाख में बेचना है प्लॉट साइज 25×50 सम्पर्क करें- 7415087900, 9329940681 **(2606)**

**बेचना है-** दुकान के लिए 12×24 के दो प्लाट कुम्हारपारा रोड रुक्मनी विहार तालापारा बिलासपुर में बेचना हैसम्पर्क करे 9752002266 **(33503)**

**बेचना है-** मां शारदा विहार कालोनी मोपका में 40'×60' का सर्वसुविधायुक्त डायवर्टेड प्लाट, 30 फिट की सीसी रोड पर बेचना है। सम्पर्क करें- 7999323663, 7999319004 (ब्रोकर क्षमा करें) **(33524)**

**बेचना है-** DPS स्कूल, बस स्टैण्ड बिलासपुर से 1.5km, GST Office से लगा। 80' चौड़ी घुरु अमेरी रोड पर नवनिर्मित वीनस अपार्टमेंट में सर्वसुविधायुक्त 2/3BHK फ्लैट्स सेल/रेंट पर उपलब्ध, सम्पर्क- 9340090620, 7898918151 **(33424)**

**बेचना है-** अतिशीघ्र मकान बेचना है 2BHK स्वतंत्र आवास, गार्डन फेसिंग, ईस्ट फेसिंग 1000 वर्गफुट सोसाइटी- आर.बी. ग्रीन विहार, यदुनन्दन नगर, बिलासपुर सम्पर्क करें - 9516000062 **(33544)**

**बेचना है-** गुरुकृपा फार्मेसी कॉलेज के पास सेंदरी में 92डिस. कछार में 2 एकड़ 60डिस. सैनिक स्कूल आधारशिला के आगे रमतला में 70 डिस. एवं बिरकोना चौक में 1एकड़ 30डिस. शानदार जमीन। संपर्क करें- 9406441535, 9300878897 **(2626)**

**बेचना है-** सकरी जोन क्रमांक एक थाना के पीछे सीसी रोड पर 52×50= 2600 वर्गफीट का पूर्व मुखी आवासीय प्लाट एवं नया बाजार में दुकान, मकान बेचना है सम्पर्क करें- 9685711448, 8305977913 **(33423)**

## टॉवर

**टॉवर-** (Daimend ऑफर) छत्तीसगढ़ वासियों अपनी खाली जमीन छत प्लॉट पर 4G/5G टावर लगवाये एडवांस 7000000/- किराया 60000/- 2 नौकरी सरकार द्वारा रेजिस्ट्रेट कंपनी संपर्क करें 06397308856, 7668628202 **(2618)**

## व्यापार

**व्यापार-** अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना किसी रिस्क कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं 30000-50000/- प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोना पत्तल डिस्पोजल बनायें कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट संपर्क- APS इंटर प्राईजेस रायपुर 8602908677, 7477221345, बिलासपुर 9993444253, 8359913999, रायगढ़ 7869755871 **(2586)**

## ज्योतिष

**ज्योतिष-** नारायण शास्त्री फ्री सेवा घर बैठे समाधान 7347259119 प्यार में धोखा, वशीकरण, सौतन दुश्मन छुटकारा लव मैरिज, रूठें मनाना, ग्रह कलेश, किया कराया, दवाई ना लगना, कारोबार, प्रेमी पति संतान अनबन (समस्या कैसी भी जड़ से खत्म) 7347259119 **(12599)**

Education INSTITUTIONS
SACHDEVA NEW PT COLLEGE
RAIPUR : 0771-4080090
BHILAI : 0788-2261687
FREE* CRASH COURSE
NEET/PAT JEE
EFFECTIVE STUDY MATERIAL
BEST RESULTS
BEST FACULTY
MEDIUM : ENG./HINDI
SUMMER/REGULAR COURSE
X-XI-XII
CBSE/CG BOARD

### हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- शिवम एड एजेंसी एण्ड पब्लिसिटी:- मो.9993567380, 8770837744
- श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- मो.9827168452, 9300625174
- रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स एण्ड पब्लिसिटी:- मो.9826129386, 8319503386
- जे.जे. एडवरटाइजर्स:- मो.9300659628
- भार्गव एडवरटाइजर्स:- मो.9827167997
- श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- मो.9826705603
- एड प्रयास:- मो.9826701269, 9926003943
- एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- मो.9827180896, 9131155033
- रौनक पब्लिसिटी:- मो.9300328290, 9981658490
- श्री श्याम पब्लिसिटी:- मो.9425540759
- अमित पब्लिकेशन:- मो.9826304304,9827124304
- विप्रा विज्ञापन सेवा:- मो.9302462506
- माधवास & कम्पनी:- मो.9977185123, 9893115084
- बालाजी एडवरटाइजर्स:- मो. 9827466133, 9907047586

### सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि मे प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जांच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये गये किसी भी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।


Medicare Specialists

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।




18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

गुप्त रोगी स्वयं मिले



शादी से घबराहट गुप्त रोग
शीघ्र पतन से शारीरिक कमजोरी
शारीरिक एवं मानसिक नपुंसकता
लिंग में ढीलापन, छोटापन, पतलापन
लिंग में टेढ़ापन
वीर्य में शुक्राणु की कमी
बढ़ती उम्र में सेक्स की कमी
पेशाब में धातु जाना
शुगर से सेक्स में आई हुई कमजोरी
मशीनों द्वारा जांच
अचूक दवाओं का सम्पूर्ण मिश्रण आपकी परेशानी का मात्र 1 दिन में सम्पूर्ण ईलाज
संपर्क डॉ. अहमद
जे.जे. हॉस्पिटल
सरकारी आई.टी.आई. पॉवर हाऊस अंबेडकर चौक, सी मार्ट के सामने, बस स्टैण्ड, भिलाई
प्रतिदिन: सुबह 9 से शाम 7 बजे
रविवार 9 से 4 बजे तक
9098889899

ईलाज की गारंटी पैसा ठीक होने के बाद



गुप्त रोग नामर्दी, लिंग में छोटापन।
शीघ्र पतन पेशाब से धातु जाना।
लिंग में ढीलापन, शुक्राणु की कमी।
शुगर से आयी हुई सेक्स में कमी।
आयुर्वेदिक द्वारा खोई हुई शक्ति पुन: प्राप्त करें।
चर्मरोग व वात रोग का ईलाज किया जाता है।
नि:संतान दम्पत्ति आज ही मिले।
आज ही संपर्क करें
श्रीकांत आयुर्वेदिक जड़ीबुटी भण्डार
दुर्ग में शॉप नं. 16, पारख कॉम्पलेक्स, पेट्रोल पम्प के सामने, ग्रीन चौक
रायपुर में स्टेशन रोड, सीमरन होटल के सामने
9174440077
9009330088

# आईपीएल में 200 मैच खेलने वाले 10वें खिलाड़ी बने रविचंद्रन अश्विन

एजेंसी ▶▶| मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के 14वें मैच में राजस्थान रॉयल्स ने मुंबई इंडियंस (MI) को 6 विकेट से हराते हुए अपना लगातार तीसरा मैच जीता। ये मुकाबला आरआर के रविचंद्रन अश्विन के लिए भी खास रहा।

दरअसल, मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला गया ये मुकाबला उनके आईपीएल करियर का 200वां मैच रहा। हालांकि वह इस मैच में कोई विकेट नहीं ले सके।



### सबसे ज्यादा मैच का रिकॉर्ड धोनी के नाम

भारत की प्रतिष्ठित लीग में सीएसके के महेंद्र सिंह धोनी (253) ने सर्वाधिक मैच खेले हैं। उनके अलावा दिनेश कार्तिक (245), रोहित शर्मा (246), विराट कोहली (240), रविंद्र जडेजा (229), शिखर धवन (220), सुरेश रैना (205), रॉबिन उथप्पा (205) और अम्बाती रायडू (204) ऐसा कर चुके हैं। बता दें कि अश्विन ने 2009 में अपना पहला आईपीएल मैच खेला था। अश्विन आईपीएल इतिहास के 10वें ऐसे खिलाड़ी बने हैं, जिन्होंने लीग में 200 मैच खेले हैं।

### 5 टीमों से खेल चुके हैं अश्विन

अश्विन आरआर से पहले चेन्नई सुपरकिंग्स, दिल्ली कैपिटल्स, पंजाब किंग्स और राइजिंग पुणे सुपरजायंट्स की ओर से खेल चुके हैं। उन्होंने सीएसके की जर्सी में 24.22 की औसत के साथ 90 विकेट अपने नाम किए थे। DC की ओर से उन्होंने 36.10 की औसत से 20 विकेट चटकाए थे। इसके अलावा पीबीकेएस और आरपीएस से उन्होंने क्रमशः 25 और 10 विकेट लिए थे। आरआर की ओर से उन्होंने 27 विकेट लिए हैं।

### 5वें सबसे ज्यादा विकेट चटकाए

अश्विन ने 18 अप्रैल, 2009 को मुंबई इंडियंस के खिलाफ अपने आईपीएल करियर का आगाज किया था। उन्होंने 200 मैचों में 29.03 की औसत और 7.03 की इकॉनमी रेट से 172 विकेट अपने नाम किए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 4/34 विकेट का रहा है। वह लीग में फिलहाल 5वें सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। दूसरी तरफ बल्लेबाजी में उन्होंने 1 अर्धशतक की मदद से 759 रन बनाए हैं।

### आईपीएल में रिटायर आउट होने वाले पहले खिलाड़ी

*आईपीएल 2022 में अश्विन ने एलएसजी के खिलाफ रिटायर आउट होने का फैसला किया था। अश्विन 19वें ओवर की 2 गेंद होने के बाद अचानक मैदान छोड़कर चले गए। नियमों के मुताबिक, वह रिटायर आउट हुए और रियान पराग बल्लेबाजी के लिए आए थे। अश्विन जानते थे कि रियान तेजी से रन बनाने में सक्षम हैं और उन्हें मौका देना टीम के हित में होगा। वह आईपीएल इतिहास में रिटायर आउट होने वाले पहले खिलाड़ी बने थे।*

### बेमिसाल रहा है अश्विन का टी-20 करियर

*अश्विन का टी-20 क्रिकेट करियर बेमिसाल रहा है। उन्होंने 312 टी-20 मैच खेले हैं, जिसमें लगभग 26 की औसत और 7 की इकॉनमी रेट के साथ 302 विकेट लिए हैं। इस बीच उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 8 रन देते हुए 4 विकेट लेना रहा है। वह टी-20 प्रारूप में 4 बार 4 विकेट हॉल ले चुके हैं। वह घरेलू क्रिकेट में तमिलनाडु क्रिकेट टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। बल्लेबाजी में उन्होंने 1,100 से अधिक रन बनाए हैं।*

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 3 | 3 | 0 | 6 |
| कोलकाता | 2 | 2 | 0 | 4 |
| चेन्नई | 3 | 2 | 1 | 4 |
| गुजरात | 3 | 2 | 1 | 4 |
| हैदराबाद | 3 | 1 | 2 | 2 |
| लखनऊ | 2 | 1 | 1 | 2 |
| दिल्ली | 3 | 1 | 2 | 2 |
| पंजाब | 3 | 1 | 2 | 2 |
| बेंगलोर | 3 | 1 | 2 | 2 |
| मुंबई | 3 | 0 | 3 | 0 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
181 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



मुस्तफिजुर रहमान
07 विकेट
चेन्नई

## बाउंड्री मीटर

387 चौके

248 छक्के

## खबर संक्षेप



### भारत के अनिरूद्ध और विजय एटीपी टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में

**ह्यूस्टन।** भारत के अनिरूद्ध चंद्रशेखर और विजय प्रशांत की जोड़ी अमेरिका में एटीपी टूर पर पुरूषों की क्लेकोर्ट चैम्पियनशिप के युगल क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। भारतीय जोड़ी ने अमेरिकी वाइल्ड कार्डधारी माइकल एममो और फ्रांसिस टियाफो को 6-3 , 6-4 से हराया। अब उनका सामना आस्ट्रेलिया के चौथी वरीयता प्राप्त एम पर्सल और जे थॉम्पसन से होगा। प्रशांत इस समय युगल रैंकिंग में 101वें और चंद्रशेखर 113वें स्थान पर है।

### कोहली ने फिर खुद को निखार लिया : हसी

**मुंबई।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर डेविड हसी का मानना है कि विराट कोहली 'फिर से निखर' गए हैं। उन्होंने इस भारतीय बल्लेबाज के स्ट्राइक रेट पर बहस के बीच इस चैंपियन खिलाड़ी को नजरअंदाज करने के खिलाफ चेतावनी दी।



आईपीएल के मौजूदा सत्र में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के लिए सर्वाधिक रन बनाने वालों की सूची में सबसे आगे होने के बावजूद कोहली को पिछले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ पर्याप्त आक्रामकता के साथ बल्लेबाजी नहीं करने के लिए कुछ आलोचना का सामना करना पड़ा। हसी से जब पूछा गया कि कोहली के स्ट्राइक रेट को लेकर चल रही बहस पर उनका क्या कहना है तो उन्होंने कहा, ''विराट कोहली सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं, क्या वह इस समय आईपीएल में नहीं हैं?'' उन्होंने कहा, ''वह काफी अच्छे खिलाड़ी हैं।

### लंगड़ाते हुए मैदान से बाहर निकले धोनी, अगला मैच खेलने पर संशय

**मुंबई।** शुक्रवार को आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के सामने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेलेगी। दोनों टीमें हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में आमने-सामने होंगी



लेकिन महेन्द्र सिंह धोनी सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेलने पर संशय छाया हुआ है। बता दें कि दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में धोनी को लंगड़ाते हुए मैदान से बाहर जाते देखा गया। इसके बाद ऐसा माना जा रहा है कि सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ कैप्टन कूल प्लेइंग इलेवन से बाहर हो सकते हैं। मालूम हो कि दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में महेन्द्र सिंह धोनी ने ताबड़तोड़ पारी खेली। कैप्टन कूल ने 16 गेंदों पर 37 रन नॉटआउट बना डाले।

मौजूदा सीजन में आरसीबी की तीसरी हार

# लखनऊ के गेंदबाजों ने किया कमाल, बेंगलुरु को 28 रनों से हराकर दर्ज की दूसरी जीत

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरू

इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के 15वें मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 28 रन से हराते हुए इस सीजन में अपनी दूसरी जीत दर्ज की है। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में जीत के लिए मिले 182 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी की टीम 153 रन पर ही सिमट गई। यह मौजूदा सीजन में आरसीबी की तीसरी हार है। आरसीबी के लिए महिपाल लोमरोर ने सबसे ज्यादा 33 रन का योगदान दिया। एलएसजी के लिए मयंक यादव ने चार ओवर में 14 रन देकर तीन विकेट लिये।

### एलएसजी ने इस तरह से दर्ज की जीत

एलएसजी से क्विंटन डिकॉक ने अर्धशतक (81) लगाया। उनके अलावा निकोलस पूरन ने 21 गेंदों में 40* रन बनाते हुए टीम को 181/5 के स्कोर तक पहुंचाया। जवाब में आरसीबी ने पॉवरप्ले के बाद तक 48 रन बनाए और इस बीच विराट कोहली (22), फाफ डु प्लेसिस (9) और ग्लेन मैक्सवेल (0) के विकेट गंवाए। मुश्किल घड़ी में रजत पाटीदार (29) और महिपाल लोमरोर ने संघर्ष किया लेकिन एलएसजी की दमदार गेंदबाजी के चलते आरसीबी लक्ष्य हासिल नहीं कर सकी।

### मयंक यादव ने अपनी गति से फिर किया कमाल

आरसीबी के खिलाफ मयंक यादव ने अपनी गति का कहर बरपाया। उन्होंने मैक्सवेल को खाता भी नहीं खोलने दिया। इसके बाद उन्होंने कैमरून ग्रीन को बोल्ड करते हुए अपनी दूसरी सफलता हासिल की।





### छठे सबसे तेज 3,000 आईपीएल रन वाले बल्लेबाज बने डिकॉक

डिकॉक आईपीएल में 3,000 रन का आंकड़ा छूने वाले छठे सबसे तेज बल्लेबाज (पारियों में) बने हैं। उन्होंने 99 पारियों में ये मुकाम हासिल किया है। उनसे कम पारियों में क्रिस गेल (75), केएल राहुल (80), जोस बटलर (85), डेविड वार्नर (94) और डु प्लेसिस (95) ने ये मुकाम हासिल किया है। ये डिकॉक की आईपीएल 2024 में लगातार दूसरी 50+ की पारी है। उन्होंने पिछले मैच में पीबीकेएस के विरुद्ध 54 रन बनाए थे।

### डिकॉक ने लगाया अपना 22वां आईपीएल अर्धशतक

डिकॉक ने पारी का पहला ओवर करने आए रीस टॉपली के खिलाफ 3 चौके लगाए। उन्होंने तीसरा ओवर करने आए मोहम्मद सिराज की भी पिटाई की और उस ओवर में लगातार 2 छक्के लगाए। उन्होंने 36 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। वह 56 गेंदों पर 81 रन बनाकर आउट हुए।

### चिन्नास्वामी स्टेडियम में कोहली का 100वां मैच, पहले भारतीय बने

कोहली का यह चिन्नास्वामी स्टेडियम में 100वां टी-20 मैच रहा। वह किसी एक मैदान पर 100 टी-20 मैच खेलने वाले पहले भारतीय बने हैं। उन्होंने यहां पर 97 पारियों में 3,298 रन बनाए हैं। इस बीच वह 14 बार नाबाद भी रहे हैं। कोहली ने इस मैदान पर 4 शतक और 25 अर्धशतक लगाए हैं। वह इस मैदान पर सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं।

### आईपीएल में 16वीं बार शून्य पर आउट हुए मैक्सवेल

मैक्सवेल 16वीं बार आईपीएल में शून्य पर आउट हुए हैं। वह लीग इतिहास में दूसरे सबसे ज्यादा बार बिना खाता खोले आउट होने वाले बल्लेबाज बने हैं। उनसे आगे सिर्फ दिनेश कार्तिक और रोहित शर्मा हैं, जो 17-17 बार शून्य पर आउट हुए हैं।

### लोमरोर ने खेली प्रभावशाली पारी

आरसीबी ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 14.2 ओवर में 103 के स्कोर पर जब अपना छठा विकेट खोया था, तब महिपाल लोमरोर क्रीज पर आए। उन्होंने 13 गेंदों में 3 चौकों और इतने ही छक्कों की बदौलत 33 रन की प्रभावशाली पारी खेली।

खास खबर

## हम कभी हार नहीं मानते, संघर्ष करते रहेंगे : हार्दिक पंड्या



**मुंबई।** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने शुक्रवार को कहा कि पूर्व चैम्पियन टीम हार नहीं मानेगी और हार की हैट्रिक के बावजूद मौजूदा आईपीएल में संघर्ष जारी रहेगा। हार्दिक ने एक्स पर पोस्ट किया इस टीम के बारे में आपको एक बात पता होनी चाहिये। हम हार नहीं मानते। हम संघर्ष जारी रखेंगे। हौसला बना रहेगा।'' बता दें कि कप्तान के तौर पर हार्दिक के कुछ फैसलों की भी आलोचना हुई है। मसलन जसप्रीत बुमराह को नयी गेंद नहीं सौंपना या खुद टिम डेविड के बाद बल्लेबाजी के लिये उतरना। रोहित शर्मा की जगह मुंबई इंडियंस का कप्तान बनाये जाने के बाद से हार्दिक को प्रशंसकों का आक्रोश झेलना पड़ रहा है। पहले दो मैचों में दर्शकों ने उनकी हूटिंग की और वानखेड़े स्टेडियम पर मुंबई के इस सत्र के पहले मैच में भी उन्हें इसका सामना करना पड़ा।

## अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजों के साथ अभ्यास शिविर की मांग

***रोहतक।*** *राष्ट्रीय जूनियर महिला मुक्केबाजी कोच गीता चानू का मानना है कि भारत में खेल के विकास के लिये अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजों के साथ एक महीने का अभ्यास शिविर लगाया जाना चाहिये। चानू ने कहा कि उजबेकिस्तान, कजाखस्तान और तुर्कमेनिस्तान जैसे देश विभिन्न आयुवर्ग के लिये साथ में अभ्यास और प्रतिस्पर्धा शिविर लगाते हैं। इससे कम उम्र में ही उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने जैसा अनुभव मिल जाता है। उन्होंने कहा हमारे खिलाड़ी बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में ही अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजों का सामना करते हैं।'' भारतीय मुक्केबाजी महासंघ ने यहां जूनियर लड़के और लड़कियों के लिये भारतीय खेल प्राधिकरण की जूनियर मुक्केबाजी अकादमी में शिविर का आयोजन किया था।*

## टी20 वर्ल्ड कप से पहले इंग्लैंड को झटका, बेन स्टोक्स नहीं खेलेंगे, खुद नाम लिया वापस



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टी20 वर्ल्ड कप से पहले ही इंग्लैंड को बड़ा झटका लगा है। बेन स्टोक्स जून-जुलाई में होने वाले टी20 विश्व कप में नहीं खेलेंगे। उन्होंने खुद सेलेक्शन के लिए अपना नाम वापस ले लिया है। इंग्लैंड क्रिकेट टीम मैनेजमेंट ने ये जानकारी दी।

आईसीसी मेंस टी20 विश्व कप 2024 वेस्टइंडीज और अमेरिका के 9 शहरों में 1 से 29 जून तक खेला जाएगा। बता दें कि स्टोक्स ने पिछले टी20 विश्व कप के बाद से सिर्फ़ दो टी20 खेले हैं और यह दोनों ही मैच उन्होंने आईपीएल 2023 में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेले थे। हालांकि, स्टोक्स ने इस साल आईपीएल से भी अपना नाम वापस ले लिया था।

### मैं बेहतर ऑलराउंडर बनने की कोशिश कर रहा : स्टोक्स

ईसीबी ने स्टोक्स के हवाले से उनका एक बयान जारी किया है, जिसमें स्टोक्स ने कहा है, मैं हर फॉर्मेट में ख़ुद को ऑलराउंडर के तौर पर तैयार करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा हूं। आईपीएल और टी20 विश्व कप से बाहर होना इस लक्ष्य को हासिल करने में मेरी मदद करेगा।

### वर्ल्ड कप विजेता टीम के हिस्सा रहे

स्टोक्स 2022 में टी20 वर्ल्ड कप जीतने वाली इंग्लैंड क्रिकेट टीम का हिस्सा थे। उन्होंने फाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद 52 रन की पारी खेली थी और विनिंग रन भी उनके बल्ले से ही निकला था। तब इंग्लैंड ने मेलबर्न में पाकिस्तान को 5 विकेट से हराया था।

### 4 जून को अपना पहला मैच खेलेगी इंग्लिश टीम

*इस साल टी-20 विश्व कप में 20 टीमें हिस्सा लेंगी, जिसकी शुरुआत 1 जून से होनी है। इंग्लिश टीम 4 जून को स्कॉटलैंड के विरुद्ध मैच के साथ अपने अभियान का आगाज करेगी। इंग्लैंड को ग्रुप-बी में रखा गया है, जहां उनके साथ ऑस्ट्रेलिया, नामीबिया, स्कॉटलैंड और ओमान हैं। जोस बटलर के नेतृत्व में इंग्लैंड की टीम अपना तीसरा खिताब जीतना चाहेगी। बता दें कि 2010 और 2022 में इंग्लिश टीम विजेता बन चुकी है।*

## चैम्पियंस लीग टी-20 टूर्नामेंट फिर होगा शुरू

बात कर रहे भारत, आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड बोर्ड

**मुंबई।** भारत, आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के क्रिकेट बोर्ड दस साल पहले बंद हो चुकी चैम्पियंस लीग क्लब टी20 चैम्पियनशिप को फिर शुरू करने के लिये आपस में बातचीत कर रहे हैं। आखिरी बार चैम्पियंस टी20 लीग का आयोजन 2014 में हुआ था जब चेन्नई सुपर किंग्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स को हराकर खिताब जीता था। उस समय भारत से तीन, आस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका से दो-दो और पाकिस्तान, वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड से एक एक टीम ने इसमें भाग लिया था।

**इसके लिए विंडो बनाना बड़ी चुनौती : सीईओ**

क्रिकेट विक्टोरिया के सीईओ निक कमिंस ने कहा कि अति व्यस्त क्रिकेट कैलेंडर में इसके लिये विंडो बनाना सबसे बड़ी चुनौती है। हो सकता है कि पहली चैम्पियंस लीग महिला क्रिकेट में हो जिसमें डब्ल्यूपीएल, द हंड्रेड और महिला बिग बैश लीग की टीमें खेलेंगी।


हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली टीम बोली- हम काफी उत्साहित

## ओलंपिक की तैयारी के लिए पांच मैचों की सीरीज खेलने हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया रवाना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय पुरूष हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिए 6 अप्रैल से शुरू हो रही पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेलने आस्ट्रेलिया रवाना हो गई है। हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली टीम सोमवार की रात रवाना हुई। बता दें कि भारतीय टीम ने हाल ही में भुवनेश्वर में एफआईएच प्रो-लीग के चार में से तीन मैच जीते थे। 6 अप्रैल को पहले मैच के बाद सात, 10, 12 और 13 अप्रैल को मैच होने हैं।

हमें मिलेगा सुधार का मौका, क्षमता पर पूरा भरोसा कप्तान हरमनप्रीत ने रवानगी से पहले कहा कि इस दौरे को लेकर हम काफी उत्साहित हैं, इससे हमें पेरिस ओलंपिक से पहली अपनी



ताकत और कमजोरियों का पता चलेगा और सुधार का मौका भी मिलेगा। वहीं, उपकप्तान हार्दिक सिंह ने कहा कि हम अपने कौशल और रणनीति को निखारने के लिये एक टीम के रूप में काफी मेहनत कर रहे हैं। हमें अपनी क्षमता पर भरोसा है। हमें यकीन है कि प्रदर्शन अच्छा होगा।

श्रीलंका के गेंदबाजों के नाम रहा चौथा दिन, धड़ाधड़ गिरे विकेट

# दूसरा टेस्ट: बांग्लादेश को जीत के लिए चाहिए 243 रन, श्रीलंकाई टीम की झोली में टेस्ट जाना तय

एजेंसी ▶▶| चटगांव

चटगांव टेस्ट में श्रीलंका क्रिकेट टीम ने जीत की ओर कदम बढ़ा लिया है। बांग्लादेश क्रिकेट टीम ने जीत के लिए मिले 511 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अपनी दूसरी पारी में 7 विकेट खोकर 268 रन बना लिए हैं। चौथे दिन के खेल की समाप्ति तक तैजुल इस्लाम (10) और मेहदी हसन मिराज (44) क्रीज पर सुरक्षित हैं।

बांग्लादेश को जीत के लिए 243 रन की दरकार है। लगातार गिर रहे विकेटों के बीच मेहदी हसन ने अपना संघर्ष जारी रखा है। वह 49 गेंदों पर 44 रन बनाकर क्रीज पर बने हुए हैं। श्रीलंका से लाहिरू कुमारा, प्रभात जयसूर्या और कामिंदु मेंडिस ने 2-2 विकेट लिए हैं।



### श्रीलंका ने घोषित की अपनी दूसरी पारी

कल के स्कोर 102/6 से आगे खेलने उतरी श्रीलंकाई टीम को 132 के स्कोर पर एंजेलो मैथ्यूज के रूप में 7वां झटका लगा। मैथ्यूज 74 गेंदों पर 56 रन बनाकर आउट हुए। श्रीलंकाई टीम ने पहले सत्र के दौरान 157/7 के स्कोर पर अपनी दूसरी पारी घोषित की। बांग्लादेश से हसन महमूद सबसे सफल गेंदबाज रहे, जिन्होंने 65 रन देते हुए 4 विकेट चटकाए। खालेद अहमद ने 2 विकेट लिए।

### बांग्लादेश की खराब रही शुरुआत

जीत के लिए मिले विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेशी टीम की दूसरी पारी में भी खराब शुरुआत रही। मेजबान टीम से महमूदुल हसन जॉय (24) और जाकिर हसन (19) भी जल्दी पवेलियन लौट गए। सलामी बल्लेबाजों के जल्दी आउट होने के बाद कप्तान नजमुल हुसैन शांतो (20) भी टीम को संकट से नहीं उबार सके।




## खबर संक्षेप

### इलाज के बाद रायपुर लौटे रमन

**रायपुर।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह मुंबई से इलाज कराने के बाद रायपुर लौट आए हैं। उनके लौटने पर विमानतल पर उनका स्वागत करने के लिए प्रदेश के मंत्री रामविचार नेताम, प्रदेश प्रवक्ता केदार गुप्ता के साथ कई भाजपा नेता पहुंचे।

### सिसोदिया ने भूपेश को भेजा मानहानि का नोटिस

**रायपुर।** पूर्व महामंत्री अरुण सिसोदिया ने पूर्व सीएम भूपेश बघेल के स्लीपर सेल वाले बयान पर अपने वकील के माध्यम से मानहानि का नोटिस भेजा है। नोटिस में 15 दिन के अंदर माफी मांगने कहा है। माफी नहीं मांगने पर कानूनी कार्रवाई करने बात कही गई है। उल्लेखनीय है कि अरुण सिसोदिया ने एक पत्र जारी कर अपनी ही पार्टी के नेताओं पर फंड में अनियमितता का आरोप लगाया था।

### सोना 71 हजार और चांदी 78 हजार पार

**रायपुर।** सोने की कीमत लगातार रोज नए रिकॉर्ड बना रही है। मंगलवार को राजधानी रायपुर के साथ प्रदेश में पहली बार कीमत 71 हजार के पार होकर 71350 हो गई है। इसी के साथ चांदी भी पहली बार 78 हजार के पार होकर 78200 रुपए हो गई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में रोज सोने की कीमत में बदलाव हो रहा है। पहले इसकी कीमत में थोड़ा बहुत ही फेरबदल होता था, लेकिन अब तो एक ही दिन में दो बार कीमत में बदलाव हो रहा है। एक दिन पहले सोमवार सुबह को कीमत 71250 रुपए थी, लेकिन शाम को कीमत 70500 हो गई। अब मंगलवार को कीमत 71350 रुपए हो गई है। यानी एक ही दिन में कीमत 850 रुपए बढ़ गई है। जहां तक चांदी का सवाल है तो इसकी कीमत एक ही दिन में बहुत ज्यादा बढ़ गई है। बाजार खुलने पर कीमत 77400 थी जो शाम को 76850 हो गई। अब को कीमत 78200 हो गई है। एक ही दिन में कीमत 1350 रुपए बढ़ गई है।

### लोकसभा चुनाव में 12 हजार वाहनों का होगा अधिग्रहण

रायपुर। आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए वाहन अधिग्रहण करने का काम शुरू हो गया है। चुनाव को ध्यान में रखते हुए वाहनों का अधिग्रहण किया जा रहा है। मंगलवार को पुलिस लाइन से 70 बसों के अलावा डेढ़ सौ माल वाहक वाहन अधिग्रहण कर गंतव्य स्थानों के लिए रवाना किया गया। परिवहन विभाग के अफसर के मुताबिक राज्य में होने वाले तीन चरण के मतदान के लिए 12 हजार वाहनों का अधिग्रहण किया जाएगा। राज्य में शांतिपूर्ण चुनाव कराने सुरक्षा बल भी पहुंचने लगे हैं। मंगलवार को अर्ध सैनिक बलों की 40 कंपनी रायपुर पहुंची। रायपुर पहुंचे अर्ध सैनिक बलों को प्रथम चरण चुनाव कराने बस्तर के लिए रवाना किया गया। नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने की वजह से बस्तर में वहां पहले से तैनात पैरा मिलिट्री फोर्स के जवानों के अलावा अतिरिक्त बल भेजे जाने की व्यवस्था की गई है।

# पौने 11 हजार सरकारी स्कूलों में अहाता नहीं, साढ़े चार हजार के भवन जर्जर

## छत्तीसगढ़ में प्राइमरी स्कूलों का हाल-बेहाल, सबसे अधिक जर्जर स्कूल भवन रायगढ़ में

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

छत्तीसगढ़ में स्कूली बच्चों के लिए नया शिक्षण सत्र शुरू हो गया है। राज्य में सरकारी प्राथमिक शालाओं की संख्या 30 हजार 776 है, लेकिन इनमें से पौने 11 हजार स्कूल ऐसे हैं, जहां अहाता (बाउंड्री वाल) ही नहीं है। यही नहीं, पूरे प्रदेश में साढ़े चार हजार से अधिक ऐसे स्कूल भवन हैं, जो जर्जर हो चुके हैं। खास बात ये है कि ये सभी सरकारी स्कूल शहरों से लेकर गांवों में हैं, वहां पढ़ने वाले बच्चों में अधिकतर गरीब वर्गों के हैं।

छत्तीसगढ़ में स्कूलों को शिक्षा का मंदिर कहा जाता है, लेकिन इन मंदिरों में जाने वाले प्राइमरी के छोटे-छोटे बच्चे किस हाल में पढ़ रहे होंगे, इसका अंदाजा स्कूलों की हालत को देखकर लगाया जा सकता है। स्कूलों की हालत से संबंधित मामला विधानसभा के सत्र में भी उठाया गया था। उस समय सरकार की ओर से ये भी कहा गया कि वर्तमान में किसी भी स्कूल के लिए नए भवन और अहाता निर्माण प्रस्तावित नहीं है। इसका मतलब ये है कि नए सत्र की शुरुआत पुराने जर्जर और अहाता विहीन स्कूलों से हो रही है।

साढ़े पांच सौ से ज्यादा स्कूल भवन विहीन

राज्य में सरकारी प्राइमरी स्कूलों की बदहाल हालत की एक तस्वीर ये भी है कि प्रदेश में 519 स्कूल ऐसे हैं, जो भवन विहीन है। इस जानकारी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि भवन विहीन स्कूलों के बच्चे कहां बैठकर पढ़ते होंगे। कई बार गांवों से तस्वीरें आती हैं कि बच्चे किसी पेड़ के नीचे बैठे हैं और गुरुजी उन्हें पढ़ा रहे हैं। इसी तरह कुछ जगहों पर पंचायत भवन के बरामदे में या अन्य किसी जगह पर स्कूल चलाया जा रहा है। स्कूलों की भवनहीनता और जर्जरता का मामला सामने आने के बाद सरकार की ओर से कहा गया था कि अब स्कूल शिक्षा विभाग खुद इंजीनियरिंग शाखा बनाकर उसके माध्यम से स्कूलों की रिपेयरिंग और निर्माण कराएगा। इससे पहले यह काम दूसरी सरकारी एजेंसिया करती थीं, लेकिन अभी इंजीनियरिंग शाखा की स्थापना का भी अता-पता नहीं है।



### साढ़े चार हजार स्कूल भवन जर्जर

छत्तीसगढ़ में सरकारी प्राइमरी स्कूलों की एक और बदहाल सूरत ये भी है कि प्रदेशभर में 4 हजार 595 स्कूलों के भवन जर्जर हैं। यानी ये भवन बरसों पहले बनाए गए होंगे। जो अब तक खस्ताहाल हो चुके हैं, लेकिन इनकी रिपेयरिंग नहीं हो पाने के कारण ये स्कूल भवन जर्जर हो गए हैं। जाहिर है, इन स्कूलों में बच्चों और वहां पढ़ाने वाले शिक्षकों के सिर पर हर समय खतरा मंडरा रहा होगा। रायगढ़ जिले में 1419 सरकारी प्राइमरी स्कूल हैं। इनमें से 984 स्कूल भवन जर्जर हैं। नक्सल प्रभावित कांकेर जिले में 20 स्कूल भवन विहीन और 375 शाला भवन जर्जर हालत में हैं।

### बीजापुर में बिना भवन के 147 स्कूल

राज्य के धुर नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में कुल 714 प्रायइरी स्कूल हैं। इनमें से 147 भवन विहीन है। 109 के भवन जर्जर हो चुके हैं और 345 स्कूलों में अहाता नहीं है। दूसरी ओर राजधानी रायपुर में सरकारी प्राइमरी स्कूलों की संख्या 749 है। यहां भी एक स्कूल बिना भवन के चलता है। 149 स्कूल भवन जर्जर हैं और 21 स्कूलों में अहाता नहीं है।

# हाइकोर्ट की कार्रवाई का एडिट वीडियो डालने वालों पर कार्रवाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶बिलासपुर

हाईकोर्ट ने एक मामले में कोर्ट की कार्रवाई का एडिट वीडियो जारी करने और उस पर आपत्तिजनक कमेंट आने को गंभीरता से लिया है। जस्टिस गौतम भादुड़ी की डिवीजन बेंच ने साइबर सेल को निर्देश दिया है की इस वीडियो को एडिट कर सोशल मीडिया पर जारी करने वालों और कमेंट करने वालों का पता लगाकर कार्रवाई की जाए। साथ ही रजिस्ट्रार जनरल को निर्देश दिए गए है कि आरोपियों पर न्यायालय की अवमानना कार्रवाई भी की जाए। दुर्ग जिले का एक मामला कोर्ट के समक्ष आया था। इसमें अलगाव के बाद पति ने अपनी पत्नी से बेटी को संरक्षण में लेने के लिए याचिका (प्रथम अपील) दायर की थी। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने बेटी के बयान के आधार पर पाया कि वह अपने पिता के साथ रहना चाहती है। इसकी वजह थी कि उसकी मां उससे दुर्व्यवहार, गाली गलौज और पिटाई भी करती थी। जबकि पिता उसे स्नेह से रखते और उसकी देखभाल करते थे। कोर्ट ने इस आधार पर माना कि बेटी अपने पिता के पास सुरक्षित है। इस आधार पर कोर्ट ने बेटी को पिता संरक्षण में रखने का आदेश देते अपील स्वीकार ली। इस पूरे मामले की कार्रवाई लाइव स्ट्रीमिंग के जरिए प्रसारित हुई थी। इसे किसी ने एडिट कर सोशल मीडिया पर डाल दिया। इसके बाद इसमें कई लोगों ने विपरीत और अभद्र टिप्पणियां भी कीं। कोर्ट के संज्ञान में यह बात आने पर कोर्ट ने इसे बेहद गंभीर और अवमानना की श्रेणी में मानते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए।

कोर्ट ने संबन्ध में दिए अपने आदेश में कहा कि इससे न्यायालयों की छवि धूमिल होती है। इससे बिना तथ्यों को समझे कोई भी इस तरह आसानी से कुछ भी टिप्पणी करेगा जो की गलत है।



### भूपेश के निर्वाचन के खिलाफ़ हाईकोर्ट में याचिका

बिलासपुर । पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्वाचन को गलत बताते हुए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई है। समाजिक कार्यकर्ता अमोल मालुसारे और निशा देशमुख ने ये याचिका दायर की है। याचिका में फिलहाल कुछ सुधार किये जाने के बाद इस पर हाईकोर्ट की सिंगल बेंच सुनवाई करेगी। , पिछले साल बीएसपी टाउनशिप में लीज पर मकान लेकर रह रहे 4500 हितग्राहियों को मालिकाना हक़ देने की घोषणा पूर्व सीएम ने कर दी थी। इससे इन मकानों में 21 साल से रह रहे निवासियों को मालिकाना हक मिल जाता। लेकिन याचिकाकर्ता ने बघेल की इस घोषणा को पूर्णतः नियम विरूद्ध बताते हुए उन्हें नोटिस भेज कर स्पष्टीकरण माँगा था। हालांकि, उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। जिसके बाद कई जगह पर इस नोटिस को देते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई गई। लेकिन बघेल पर कार्रवाई नहीं हुई थी ,उस वक्त वे मुख्यमंत्री पद पर थे।

### शराब घोटाला केस में अरविंद सिंह को हाईकोर्ट से जमानत

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ में करीब 2 हजार करोड़ रुपए के शराब घोटाले के केस में बिलासपुर हाईकोर्ट ने कारोबारी अरविंद सिंह को जमानत दे दी है। मंगलवार को जस्टिस पीपी साहू की बेंच ने यह फैसला दिया है। इससे पहले आरोपी अनवर ढेबर को हाईकोर्ट ने जमानत दी थी। ईडी ने लंबी जांच के बाद उन्हें हिरासत में लिया था। कारोबारी अरविन्द सिंह की तरफ से सीनियर एडवोकेट राजीव श्रीवास्तव ने बहस करते हुए कहा कि यह पूरा मामला आईटी रेड के आधार पर ईडी ने की है, जिसमें मनी लॉन्ड्रिंग केस नहीं बनता। उन्होंने यह भी कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में पहले ही स्टे दे दिया है। वहीं ईडी ने भी केस में चालान पेस कर दिया है। ऐसे में याचिकाकर्ता को जेल में रखना उचित नहीं है। यह संवैधानिक अधिकारों का हनन है। सभी पक्षों को सुनने के बाद हाईकोर्ट ने अरविन्द सिंह की जमानत याचिका स्वीकार कर लिया है।

# मोदी से पहले 6 को कवर्धा में शाह की सभा

## प्रधानमंत्री की कोंडागांव के भानपुरी में होगी 11 बजे सभा

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

लोकसभा चुनाव में भाजपा ने राष्ट्रीय नेताओं की लगातार सभाएं कराने की रणनीति तैयार की है। इस कड़ी में सबसे बड़ी आमसभा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 8 अप्रैल को कोंडागांव के भानपुरी में होगी, लेकिन इसके पहले 6 अप्रैल को केंद्रीय मंत्री अमित शाह की राजनांदगांव लोकसभा के कवर्धा में आमसभा होगी। राजनांदगांव से प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल चुनाव लड़ रहे हैं। यही वजह है कि भाजपा के राष्ट्रीय संगठन का राजनांदगांव पर भी बड़ा फोकस है।

भाजपा के राष्ट्रीय संगठन का छत्तीसगढ़ पर भी बड़ा फोकस है। भाजपा ने यहां की सभी 11 की 11 सीटें जीतने की रणनीति तैयार की है। इसको लेकर प्रचार-प्रसार में भी पूरी ताकत झोंकने की रणनीति बनी है। चुनाव के लिए रणनीति बनाने का जिम्मा इस बार प्रदेश के सह प्रभारी नितिन नवीन पर है। उनको चुनाव का प्रभारी बनाया गया है, क्योंकि यहां पर प्रदेश के प्रभारी ओम माथुर का आना नहीं हो रहा है। राष्ट्रीय संगठन ने उनको दूसरी बड़ी जिम्मेदारी देकर रखी है। श्री नवीन लगातार बैठकें करके रणनीति बना रहे हैं। मंगलवार को राजनांदगांव में बैठक करके केंद्रीय मंत्री अमित शाह की सभा तय की गई है। सभा कवर्धा में कराने का फैसला किया गया है। इसके लिए सभी का जिम्मा भी तय किया गया है। भाजपा ने अब राष्ट्रीय नेताओं की लगातार सभाएं करने की तैयारी की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहले चरण के चुनाव के लिए मतदान के पहले बस्तर संभाग में आमसभा होगी। इसके लिए स्थान कोंडागांव के भानपुरी में तय किया गया है। वहां पर सभा की तैयारी चल रही है और बड़ी भीड़ जुटाने की तैयारी भी है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से भी समय लेने का प्रयास चल रहा है।






# निगम आयुक्त, सीएमओ अदालत में सही तरीके से नहीं रखते पक्ष, अब ये काम करेंगे संयुक्त संचालक

हरिभूमि न्यूज:रायपुर


छत्तीसगढ़ में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग से संबंधित मामलों में प्रभारी अधिकारी (नगर निगमों के आयुक्त और मुख्य नगर पालिका अधिकारी, सीएमओ) अदालतों में सही तरीके सरकार का पक्ष नहीं रख पा रहे हैं। सरकार के ध्यान में यह बात आने के बाद अब यह आदेश जारी किया गया है कि विभाग की ओर से पक्ष रखने का काम नगरीय निकायों के सहायक, संयुक्त संचालक प्रभारी अधिकारी के रूप में पक्ष रखेंगे। उनके साथ संबंधित निकाय के आयुक्त, उपायुक्त, जोन आयुक्त, मुख्य नगर पालिका अधिकारी को सहायक प्रभारी नियुक्त किया जाएगा।

- नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग का आदेश

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने एक अप्रैल को इस संबंध में एक आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि नगरीय निकायों से संबंधित न्यायालयीन वाद प्रकरणों में सचिव, संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास, को प्रतिवादी क्रमांक एक या दो के पक्ष समर्थन के लिए आयुक्त, एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया जाता है। विभाग के संज्ञान में यह तथ्य आया है कि वर्तमान स्थिति में संबंधित प्रभारी अधिकारियों द्वारा उच्च न्यायालयों, सक्षम न्यायालयों में प्रबल पक्ष समर्थन के अभाव में विभाग का पक्ष यथोचित( सही तरीके से) प्रस्तुत नहीं किया जा रहा है। इसकी वजह से विभाग के वाद प्रकरणों में त्वरित निराकरण में देर हो रही है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आदेश में कहा गया है कि प्रदेश के नगरीय निकायों के सहायक, संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास, क्षेत्रीय कार्यालय( संबंधित) को निकाय के वाद प्रकरणों में प्रभारी अधिकारी तथा संबंधित निकाय के आयुक्त, उपायुक्त, जोन आयुक्त, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, को सहायक प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया जाता है।

### थ्री-डी प्रिंटिंग के प्रयोग पर चर्चा करेंगे देशभर के डाक्टर

**रायपुर।** फिजिकल मेडिसिन एंड रिहेब्लिटेशन (पीएमआर) में आ रहे बदलावों और इसमें रोबोटिक्स एवं थ्री-डी प्रिंटिंग सहित विभिन्न तकनीक और नई दवाओं के बढ़ते उपयोग पर विमर्श के लिए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में दो दिवसीय कार्यशाला और सीएमई 4-5 अप्रैल को आयोजित की जाएगी।




# पॉवर कंपनी के एमडी की डीपी लगाकर पैसों की मांग, साइबर सेल में शिकायत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी के एमडी राजेश कुमार शुक्ला ने साइबर सेल में अज्ञात जालसाज के खिलाफ अपने प्रोफाइल फोटो (डीपी) लगाकर लोगों से पैसों की मांग करने की शिकायत दर्ज कराई है। साथ ही श्री शुक्ला ने लोगों को इस तरह से किसी के द्वारा उनके नाम से पैसों की मांग करने पर रकम ट्रांसफर नहीं करने की अपील की है। श्री शुक्ला ने साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई है कि अज्ञात जालसाज मोबाइल नंबर 9913599513 में उनकी डीपी फोटो लगाकर लोगों को वाट्सएप में मैसेज भेजकर पैसों की मांग कर रहे हैं। श्री शुक्ला ने लोगों को जागरूक करने के लिए मैसेज भेजकर कहा है कि मोबाइल नंबर से लोगों को भेजे जा रहे मैसेज फर्जी हैं। इस नंबर या और अन्य किसी भी नंबर से मैसेज प्राप्त हो, तो उसमें प्रतिक्रिया ना दें। ऐसे फर्जी व्यक्तियों से सावधान रहें अन्यथा धोखाधड़ी हो सकती है। इस संबंध में साइबर पुलिस मामले की जांच कर कार्रवाई करने की बात कह रही है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com